CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK1 User: cci Time: 03-12-2026 21:25 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 13 मार्च 2026 > फाल्गुन 22, शक संवत 1947, चैत्र कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 61 > पेज 20* > गुड़गांव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



स्पीकर ने कहा, नियमों से परे बोलने का अधिकार किसी को नही

▶ देखें अंदर

पहली बार बोले ईरान के नए सुप्रीम लीडर, हमले जारी रहेंगे

▶ देखें अंदर



Aditya
BUILDING TRUST SINCE 1979

COLLECTION ACCOUNT DETAILS:
NAME: AAPL PROJECTS PVT. LTD.
BANK NAME: PUNJAB & SIND BANK

The kutumb
BY ADITYA

NEVER BEFORE OFFER

NO EMI
FOR 30 MONTHS*

2X BOOKING BENEFITS* YOUR ₹30 LAKH IS OUR ₹60 LAKH

MORE EXCLUSIVE OFFERS TO MAKE YOUR DREAM TRUE

PAY ₹30 LAKH AND BOOK NOW
UPTO ₹10 LAKH DISCOUNT ON CLUB MEMBERSHIP AND CAR PARKING*
UPTO ₹10 LAKH DISCOUNT ON PLC CHARGES*
FREE FIRST TRANSFER*




KING SIZE 4 BHK + UTILITY HOMES ₹2.93* CR ONWARDS

OVER 70,000 SQ. FT. LAVISH CLUBHOUSE (6503.2 SQ. MTR.)
40,000 SQ. FT. SKY DECK ON 29th FLOOR (3716.12 SQ. MTR.)
3-SIDE OPEN HOMES WITH 270° PANORAMIC VIEWS
MULTI LEVEL TERRACES
LAYERS OF VERDANT GREENS

T&C APPLY*

Visit Sales gallery, Gate No. 2, Aditya World City
www.agarwalassociatesgroup.com
+91 8377005001, 9513369818
PROJECT FINANCED BY

Disclaimer: This advertisement is not a legal offering and purely conceptual in nature and includes graphical/artistic representation of the project which does not purport to be the exact replica or representation of the Project. Vide this advertisement, the Company does not intend to offer or invite to offer any person to create any legal or contractual relationship. The content in this advertisement including the building, elevation, areas, designs, layouts, specifications, amenities, facilities etc. are merely indicative and artistic in nature and may be in variance with the actual site. The Company advises the viewer to exercise their own discretion. The viewer/prospective buyer may seek all information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifications, facilities, amenities & scheme details from the Company in respect of the concerned project/phase that he/she may be interested in, before proceeding with any such booking/registration etc. Furnitures and Fixtures shown in the advertisement will not be part of the actual flat. PS: 1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft. = 1.196 Sq. Yards. T&C Apply.

# NBT GOOD न्यूज़

**सुकून भरी नींद के लिए मुस्कुराइए**
दिनभर खुश रहने और मुस्कुराने से शरीर में 'मेलाटोनिन' हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो गहरी और सुकून भरी नींद के लिए जिम्मेदार होता है। अच्छी नींद चाहिए, तो आज से ही खुश रहना शुरू करें।

## विचार
सफलता की यात्रा खुद पर अटूट यकीन से शुरू होती है। जब आप अपनी क्षमताओं पर भरोसा करते हैं, तो हर कठिन चुनौती आसान हो जाती है और जीत का मार्ग प्रशस्त होता है। - *क्रिस्टियानो रोनाल्डो* (Cristiano Ronaldo)

## ज़रा हंस लें
**चिंटू** की शादी नहीं हो रही थी। **चिंटू** ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर उसकी कपड़े धोने और बर्तन मांजने की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया। तब जाकर उसके लिए रिश्ते आए।

## कविता : ज़िंदगी और वक्त
वक्त की कीमत समझो,
वक्त रहते अपनों से भी मिलो
ज़िंदगी की भागदौड़ लगी रहेगी,
कभी खुद से भी तो मिलो।

नहीं तो फिर यादों के झरोखे से
ढलती शामों को निहारोगे,
उस वक्त तुम होंगे अकेले और
खुद से कहोगे।

वक्त कितना जल्दी भागता है,
अभी सुबह ही हुई थी और शाम
आ गई
कल के नए सवेरे का संदेश

लेकर,
अब लग रहा है कि मैं दिन
जैसा बनाना चाहा
उसके लिए वक्त मिला

लेकिन भागदौड़ में
वक्त का पता ही नहीं चला,
अब नए सफर पर जाना है
तो आंखें खुली जाकर।

- लक्ष्मी गुप्ता रुदौली, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# कैमरा, गीत, थिएटर से आवाज़ बुलंद कर रहीं मछुआरिनें

Muskaan.Ahmed
@timesofindia.com

**समुद्र किनारे** की जिंदगी सिर्फ मछली पकड़ने तक सीमित नहीं है। इस दुनिया में मेहनत, संघर्ष और भावनाओं की भी एक लंबी कहानी छिपी होती है। अब मछुआरा समुदाय की महिलाएं अपनी यही कहानियां खुद सामने ला रही हैं। तमिलनाडु की मछुआरिनें थिएटर, लोक कला और फोटोग्राफी के जरिए अपने जीवन की असल तस्वीर लोगों तक पहुंचा रही हैं। उनका कहना है कि समुद्र से …

## मछली पकड़ने के अलावा क्या है उनकी जिंदगी? ये बता रहीं





### महिलाओं की मेहनत अक्सर नजर नहीं आती

### अपनी आवाज तलाशती महिलाएं



## संस्कृति का मंच, जोश और जश्न...
कर्नाटक के शिवमोगा में कुवेम्पु विश्वविद्यालय में 'सह्याद्रि महोत्सव' की जबरदस्त धूम रही। इस इंटर-कॉलेज कल्चरल फेस्ट में जब छात्र-छात्राओं ने देवी का रौद्र और भक्तिपूर्ण अवतार लिया, तो लगा जैसे कर्नाटक की गौरवशाली लोक-संस्कृति सड़क पर उतर आई हो। अपनी जड़ों और परंपराओं को सहेजने का युवाओं का यह अंदाज खूब वाहवाही लूटी।



# बच्चों ने गौरैया के लिए बनाए 15,000 घोंसले



पिछले 10 साल में 75 …

### अपार्टमेंट ही 'गौरैया सेंचुरी'

### गौरैया के बारे में जानें...

## ओडिसा साइक्लिंग में हासिल किए बड़े सम्मान

# दुनिया को नापकर बने साइक्लिंग के 'सुपरहीरो'



### 42 सुपर रैंडोनियर टाइटल

### नशे से दूर रहने का मैसेज



## फटाफट खबरें

### 1 अप्रैल से Audi की कारें 2% महंगी
■ पीटीआई, नई दिल्लीः जर्मनी की लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी Audi ने गुरुवार को कहा कि वह अगले महीने 1 अप्रैल से भारत में अपनी कारों की कीमतें 2 फीसदी तक बढ़ाएगी। Audi इंडिया ने एक बयान में बताया कि कीमतों में यह …

### 7 और जिलों में हॉलमार्किंग जरूरी

### राजमार्ग इन्फ्रा का IPO फुल बुक

### NSE के IPO की तैयारी तेज

# खाने-पीने की चीज़ों के भाव चढ़े, बढ़ी महंगाई

फरवरी में खुदरा महंगाई दर 3.21%, फूड इन्फ्लेशन 3.47

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी के दाम बढ़ने से फरवरी में खुदरा महंगाई दर …



आगे भी असर जारी रहेगा: एक्सपर्ट

# कच्चा तेल महंगा, सेंसेक्स 800 अंक फिसला

पश्चिम एशिया की जंग और महंगे तेल ने बिगाड़ा शेयर बाजार का खेल

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ पीटीआई, मुंबईः शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्स गुरुवार को भारी गिरावट के …



### चांदी 1,500 रुपये महंगी, सोना सस्ता

### जंग का असर...
■ ऑटो सेक्टर को चोटः मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे बड़े शेयरों में 4% तक की गिरावट
■ ग्लोबल प्रेशरः न सिर्फ भारत, अमेरिका, एशिया, यूरोप में भी गिरावट का माहौल।
■ सेंसेक्सः 829.29 अंक (76,034.42)
■ निफ्टीः 227.70 अंक (23,639.15)
■ कच्चा तेलः 96.47 डॉलर प्रति बैरल (4.78% की बढ़त)
■ FII बिकवालीः 6,267.31 करोड़ रुपये

### 6.46 फीसदी गिर चुका है सेंसेक्स

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात: क्या कमजोरी बनी रह सकती है?

# IT पोर्टल पर तकनीकी दिक्कत न हो : पैनल



# वारिसों को 21 दिनों में मिलेगा क्लेम!



NBT Explainer

### सेबी का प्रस्ताव

### 92.25 के रेकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 03-12-2026 22:20 Color:



# NBT GOOD न्यूज़

**सुकून भरी नींद के लिए मुस्कुराइए**
दिनभर खुश रहने और मुस्कुराने से शरीर में 'मेलाटोनिन' हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो गहरी और सुकून भरी नींद के लिए जिम्मेदार होता है। अच्छी नींद चाहिए, तो आज से ही खुश रहना शुरू करें।

### विचार
सफलता की यात्रा खुद पर अटूट यकीन से शुरू होती है। जब आप अपनी क्षमताओं पर भरोसा करते हैं, तो हर कठिन चुनौती आसान हो जाती है और जीत का मार्ग प्रशस्त होता है। - क्रिस्टियानो रोनाल्डो (Cristiano Ronaldo)

### ज़रा हंस लें
चिंटू की शादी नहीं हो रही थी। चिंटू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर उसकी कपड़े धोने और बर्तन मांजने की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया। तब जाकर उसके लिए रिश्ते आए।

### कविता : जिंदगी और वक्त
वक्त की कीमत समझो,
वक्त रहते अपनों से भी मिलो
जिंदगी की भागदौड़ लगी रहेगी,
कभी खुद से भी तो मिलो।

नहीं तो फिर यादों के झरोखे से
झांकी शामों को निहारोगे,
उस वक्त तुम होगे अकेले और
खुद से कहोगे।

वक्त कितना जल्दी भागता है,
अभी सुबह ही हुई थी और शाम
आ गई
कल के नए सवेरे का संदेश

लेकर,
अब लग रहा है कि ये दिन
जैसा बनाना चाहा
उसके लिए वक्त मिला

लेकिन भागदौड़ में
वक्त का पता ही नहीं चला,
अब नए सफर पर जाना है
तो आंखें खुली जाकर।

- लक्ष्मी गुप्ता रुदौली, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# कैमरा, गीत, थिएटर से आवाज़ बुलंद कर रहीं मछुआरिनें

Muskaan Ahmed
@timesofindia.com

## मछली पकड़ने के अलावा क्या है उनकी जिंदगी? ये बता रहीं

### महिलाओं की मेहनत अक्सर नजर नहीं आती

### अपनी आवाज तलाशती महिलाएं

Photos: A Pradhap

## संस्कृति का मंच, जोश और जश्न...
कर्नाटक के शिवमोगा में कुवेम्पु विश्वविद्यालय में 'सह्याद्रि महोत्सव' की जबरदस्त धूम रही। इस इंटर-कॉलेज कल्चरल फेस्ट में जब छात्र-छात्राओं ने देवी का रौद्र और भक्तिपूर्ण अवतार लिया, तो लगा जैसे कर्नाटक की गौरवशाली लोक-संस्कृति सड़क पर उतर आई हो। अपनी जड़ों और परंपराओं को सहेजने का युवाओं का यह अंदाज खूब वाहवाही लूटी।

PTI

# बच्चों ने गौरैया के लिए बनाए 15,000 घोंसले

पिछले 10 साल में 75 स्कूलों के स्टूडेंट्स जुड़ चुके हैं इस अभियान से

Asha Prakash
@timesofindia.com

### अपार्टमेंट ही 'गौरैया सेंचुरी'

### गौरैया के बारे में जानें...

## ओडिशा साइक्लिंग में हासिल किए बड़े सम्मान

# दुनिया को नापकर बने साइक्लिंग के 'सुपरहीरो'

### 42 सुपर रैंडोनियर टाइटल

### नशे से दूर रहने का मैसेज

उन्होंने साइकलिंग शुरू की। वे हफ्ते में छह दिन करीब 50 किलोमीटर साइकिल चलाते हैं। 1,200 किलोमीटर की राइड अक्सर 90 घंटों में पूरी करनी होती है, जिसे कवर ने 74 घंटों के भीतर खत्म किया।

---



## फटाफट खबरें

### 1 अप्रैल से Audi की कारें 2% महंगी
पीटीआई, नई दिल्ली: जर्मनी की लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी Audi ने गुरुवार को कहा कि वह अगले महीने 1 अप्रैल से भारत में अपनी कारों की कीमतें 2 फीसदी तक बढ़ाएगी। Audi इंडिया ने एक बयान में बताया कि कीमतों में यह बढ़ोतरी उसके सभी मॉडलों पर लागू होगी। कंपनी की गाड़ियों के एक्स-शोरूम दाम 2 फीसदी तक बढ़ जाएंगे।

### 7 और ज़िलों में हॉलमार्किंग जरूरी

### राजमार्ग इन्फ्रा का IPO फुल बुक

### NSE के IPO की तैयारी तेज

# खाने-पीने की चीज़ों के भाव चढ़े, बढ़ी महंगाई

## फरवरी में खुदरा महंगाई दर 3.21%, फूड इन्फ्लेशन 3.47

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी के दाम बढ़ने से फरवरी में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21% हो गई। जनवरी में यह 2.74% थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में खाने-पीने की चीजों में रिटेल इन्फ्लेशन जनवरी के 2.13% से बढ़कर 3.47% हो गई।

### आगे भी असर जारी रहेगा: एक्सपर्ट

# कच्चा तेल महंगा, सेंसेक्स 800 अंक फिसला

## पश्चिम एशिया की जंग और महंगे तेल ने बिगाड़ा शेयर बाजार का खेल

NBT 3 मिनट में पढ़ें

पीटीआई, मुंबई: शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्स गुरुवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया में बढ़ता संकट और कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी है। 30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 829.29 अंक (1.08%) गिरकर 76,034.42 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह एक समय 992.53 अंक (1.29%) तक लुढ़क गया था।

### जंग का असर...
- ऑटो सेक्टर को चोट: मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे बड़े शेयरों में 4% तक की गिरावट
- ग्लोबल प्रेशर: न सिर्फ भारत, अमेरिका, एशिया, यूरोप में भी गिरावट का माहौल।
- सेंसेक्स: 829.29 अंक (76,034.42)
- निफ्टी : 227.70 अंक (23,639.15)
- कच्चा तेल: 96.47 डॉलर प्रति बैरल (4.78% की बढ़त)।
- FII बिकवाली: 6,267.31 करोड़ रुपये।

### चांदी 1,500 रुपये महंगी, सोना सस्ता
पीटीआई, नई दिल्ली: पश्चिम एशिया के बढ़ते संकट के बीच गुरुवार को देश की राजधानी में चांदी की कीमतों में 1,500 रुपये की बढ़त देखी गई। ऑल इंडिया सराफा असोसिएशन के मुताबिक, चांदी 1,500 रुपये (0.54%) की तेजी के साथ...

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात
### क्या कमजोरी बनी रह सकती है?

### 6.46 फीसदी गिर चुका है सेंसेक्स

# IT पोर्टल पर तकनीकी दिक्कत न हो : पैनल

# वारिसों को 21 दिनों में मिलेगा क्लेम!

NBT Explainer

### सेबी का प्रस्ताव

### 92.25 के रेकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया

92.21 पर बंद हुआ था, जो तब का रेकॉर्ड था। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 92.35 रहा।

---





भारत का नं.1 चार्जिंग इकोसिस्टम
- 30,000+ पब्लिक चार्जर्स
- 2,500+ वेरिफ़ाइड चार्जिंग पॉइंट्स
- 130+ TATA.ev मेगाचार्जर्स
- 24×7 चार्ज बडी- कॉल करें 1800 209 8989

भारत का नं.1° EV ब्रांड | भारत में 12 बिलियन+ km## चली | GeM, CSD और KPKB में उपलब्ध | अपने नज़दीकी डीलरशिप के लिए स्कैन करें | BHARAT NCAP+ | EVs संबंधित अधिक जानकारी के लिए call +91 92402 92401 visit ev.tatamotors.com | TATA ev move with meaning

EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SECTOR 14, GURUGRAM: 9167161897; EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SOHNA ROAD, GURUGRAM: 9167518627

Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

WEST DELHI: FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9619235905. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTI NAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. SOUTH DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. NORTH DELHI: MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374.

GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. WEST GREATER NOIDA: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. GHAZIABAD: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI: SWAN MOTORS: 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and illustrations are indicative and for information purpose only. All feature / specifications mentioned may vary from model to model and may not be available across all personas / variants. Features and specifications are subject to change without prior information. Please consult an authorized TATA Motors dealer for latest information on features / specifications before deciding to place an order. Colours may not match actual colours due to printing limitations. EMI amounts may vary based on loan amount and total on road price T&C Apply. Terms & conditions apply.

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली/एनसीआर | शुक्रवार, 13 मार्च 2026


> एक क्षेत्र में कीमतों की वृद्धि दुनिया भर के उपभोक्ताओं को प्रभावित कर सकती है
> –जॉन मेनार्ड कीन्स, ब्रिटिश अर्थशास्त्री

## दबाव में रुपया

रुपया गुरुवार को डॉलर के मुकाबले 92.35 का रेकॉर्ड निचला स्तर छूकर आखिर में मामूली रूप से सुधरा। ईरान युद्ध की वजह से क्रूड ऑयल की कीमत के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने की वजह से रुपये पर दबाव बढ़ा है। भारत अपनी जरूरत का करीब 80% क्रूड आयात करता है। इसकी कीमत बढ़ने पर उसके चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका होती है, जिससे मुद्रा की वैल्यू गिरती है।

**टूटती उम्मीद** | होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है, जिससे दुनिया का 20% और भारत का 40% क्रूड आता है। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर ईरान के बढ़ते हमलों के कारण क्रूड ऑयल के दाम में फिर से तेजी आई है।



क्रूड फिर $100 पर

**महंगाई बढ़ेगी** | चूंकि भारत की तेल-गैस सप्लाई मुख्य रूप से आयात पर निर्भर है, तो रुपये पर दबाव आना ही है। इसका विदेशी मुद्रा भंडार पर भी असर पड़ेगा और महंगाई बढ़ने का भी अंदेशा है। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.21% हो गई।

**अर्थव्यवस्था को नुकसान** | अगर क्रूड के दाम लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहते हैं, तो भारत की अर्थव्यवस्था पर भी इसका गंभीर असर पड़ने की आशंका है। ऐसी सूरत में रेटिंग एजेंसी ICRA का अनुमान है कि भारत का चालू बचत घाटा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए GDP का 1.9 से 2.2% तक हो सकता है।

**व्यापक असर** | सरकार ने अभी तेल के दाम में किसी तरह की बढ़ोतरी से इनकार किया है। आम उपभोक्ताओं के लिए यह राहत की बात है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर लोगों पर दूसरे रूप में पड़ेगा। और फिर पश्चिम एशिया का संकट केवल तेल व गैस तक सीमित नहीं है। अरब देशों के साथ व्यापार के लिए होर्मुज सबसे अहम रूट है। खाड़ी में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं, जिनसे विदेशी मुद्रा मिलती है। युद्ध की वजह से अगर रेमिटेंस घटता है तो यह भी भारतीय मुद्रा के लिए अच्छी खबर नहीं होगी।

**राहत उपाय** | केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में कहा कि आधुनिक ऊर्जा इतिहास में दुनिया ने ऐसा संकट नहीं देखा। अभूतपूर्व कठिनाई के लिए हल भी अभूतपूर्व चाहिए। अच्छी बात है कि भारत ने ईरान के साथ बातचीत जारी रखी है। होर्मुज स्टेट से होकर एक क्रूड ऑयल टैंकर का मुंबई पहुंचना अच्छी बात है, लेकिन भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था के हित में इस युद्ध का जल्द रुकना जरूरी है।

### तिराहा

## ये रिश्ता...

सुखनंदन को आत्मनिर्भरता का चस्का लगा है। सुबह वॉक से लौटते समय इसलिए बाजार से पकौड़ी खरीदने से मना कर दिया। कहा, 'खुद बनाएंगे।' किचन में घुसे पर घंटे भर हो गए, तो सुधर्मा का धैर्य जवाब दे गया, वह मुआयना करने पहुंचीं। देखा, फर्श पर तेल बिखरा था, चूल्हा और सुखनंदन का चेहरा- दोनों बुझे थे। सुधर्मा बोलीं, 'दुनिया तेल के लिए जान दे रही है और तुम बिखराए पड़े हो, बंद चूल्हे पर कैसे पकौड़ी बनेगी?' सुखनंदन ने सरेंडर करते हुए कहा, 'प्रिये! गैस खत्म हो गई है। जयचंद को चुपके से बाजार भेजा था तो वहां पकौड़ी खत्म हो गई। वह कह रहा कि अगली घान तभी छानेंगे जब भरा सिलिंडर दिलवाओगे।'


प्रेम शंकर मिश्र

कूटनीतिक प्रयासों से घर में अल्पकालिक शांति लौटी। सुधर्मा के पलटते पन्नों पर नजर गई। लिखा था, 'यह रिश्ता क्या कहलाता है?' 'अंकल सैम और पश्चिम एशिया के भतीजों के रिश्तों पर रिसर्च पेपर लिखना है, समझ ही नहीं आ रहा,' सुधर्मा ने खुलासा किया। सुधर्मा की चिंता में पति को पकौड़ी के प्रायश्चित का अवसर दिखा, उन्होंने समाधान एक कथा में दे दिया। 'गड़े खजाने ने एक शहर के लोगों की किस्मत बदल दी। वहां के अमीर के घर संतान पैदा होने पर ऐसा जश्न हुआ कि चर्चा दूर-दूर तक पहुंची। पश्चिम से एक यात्री वहां आया, उसने संभावनाएं देखीं। अमीर के पास पहुंच कर बोला- हुजूर! मैं आपकी औलादों को पहलवान बना दूंगा। नई अमीरी ने बुद्धि पर पर्दा डाला और यात्री केयरटेकर बन गया। वह बच्चे को हमेशा गोद में रखता, जमीन पर पांव ही नहीं रखने देता। बेटे को मिल रहे वात्सल्य से अमीर गदगद था। पड़ोसियों को भी अक्सर इसका ताना देता। समय बीता, रेस का वक्त आया। अमीर ने बेटे को उतारने का फैसला किया। लेकिन, बेटा दो कदम चलते ही गिर पड़ा। क्योंकि, कभी न चलने-दौड़ने से उनके पांव टेढ़े और कमजोर हो गए थे। अवाक अमीर यात्री के कमरे की ओर दौड़ा, वहां उसे कमरा और तिजोरी दोनों खाली मिले।'



### एकदा

संकलन : रिंकल शर्मा

## यात्रा की खोज

पुर्तगाल के इतिहास में 'हेनरी द नेविगेटर' का नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। वह पुर्तगाल के राजा जॉन प्रथम के पुत्र थे। हालांकि हेनरी स्वयं बहुत कम समुद्री यात्राओं पर गए, फिर भी समुद्री खोजों को प्रोत्साहित करने के कारण उन्हें 'नेविगेटर' कहा जाता है। बचपन से ही उन्हें भूगोल, मानचित्रों और दूर देशों की खोज में गहरी रुचि थी। उस समय यूरोप के अधिकतर नाविक समुद्र से डरते थे। उन्हें लगता था कि समुद्र के दूरस्थ भागों में भयानक खतरे हैं। लेकिन हेनरी का विश्वास था कि ज्ञान और साहस से हर भय पर विजय पाई जा सकती है। इसी सोच के साथ उन्होंने पुर्तगाल के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित साग्रेस में विद्वानों, खगोलशास्त्रियों, मानचित्रकारों और नाविकों को एकत्र किया। वहां समुद्री मार्गों, तारों की दिशा और जहाज चलाने की नई तकनीकों का अध्ययन किया जाने लगा। हेनरी की प्रेरणा से पुर्तगाली नाविक अफ्रीका के पश्चिमी तट तक पहुंचे और समुद्री खोजों का नया दौर शुरू हुआ। इसी परंपरा ने आगे चलकर वास्कोडिगामा की ऐतिहासिक भारत यात्रा का मार्ग प्रशस्त किया। हेनरी द नेविगेटर के प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया कि दूरदृष्टि, ज्ञान और साहस मिलकर इतिहास की दिशा बदल सकते हैं।



### LPG आयात पर निर्भरता घटाकर एथेनॉल को अपना सकता है भारत

# संकट से बचने का है दूसरा रास्ता

होटल-रेस्तरां में रसोई गैस की कमी होने लगी है। इंडियन होटल एंड रेस्तरां असोसिएशन (AHAR) के मुताबिक, कमर्शल LPG सिलिंडर की नियमित सप्लाई नहीं होने के कारण मुंबई में करीब 20% होटल-रेस्तरां बंद हो चुके हैं। संगठन ने चेताया है कि अगर यही हाल रहा तो 50% प्रतिष्ठानों के शटर गिर सकते हैं। खबरों के मुताबिक, दिल्ली-NCR में कमर्शल सिलिंडर ब्लैक मार्केट में 1500 रुपये तक में मिल रहे हैं।


तुषार गांधी

**होर्मुज बंद** | इस संकट की वजह निश्चित तौर पर अमेरिका-इस्राइल का ईरान के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध है, जो अब पश्चिम एशिया में फैल चुका है। इसके चलते होर्मुज स्ट्रेट से तेल-गैस के टैंकर पास नहीं हो पा रहे। भारत का 85 से 90% LPG आयात इसी रास्ते से होता है। सप्लाई बाधित होने से दाम बढ़ रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में ही घरेलू गैस की कीमत 60 रुपये बढ़ चुकी है। स्थिति गंभीर होती जा रही है और इसका असर उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगा है।

**असल समस्या दूसरी** | भारत की 62% घरेलू LPG जरूरत आयात से पूरी होती है। ऐसे में इस बात पर तो शक था ही नहीं कि संकट आएगा, बस सवाल था कि कब आता है। हालांकि होटल-रेस्तरां के सामने आई परेशानी असल समस्या का बहुत छोटा हिस्सा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के तहत देश में 32.99 करोड़ घरों को LPG से जोड़ा गया है। इसमें 10.33 करोड़ सब्सिडी कनेक्शन भी हैं। इसके बावजूद सभी तक घरेलू गैस पहुंचाना चुनौती बना हुआ है।

**बायोमास पर निर्भरता** | आज भी भारत में करीब 50 करोड़ लोग यानी लगभग 40% आबादी बायोमास ईंधन, जैसे लकड़ी, गोबर का इस्तेमाल करती है। अनुमान है कि इसकी वजह से होने वाले वायु प्रदूषण के चलते हर साल करीब 12 लाख लोगों की असमय मौत हो जाती है। यहां तक कि जिन घरों में LPG कनेक्शन है पर कमाई कम है, उन्हें बायोमास पर ही निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में समस्या ज्यादा है।




**संकट के सबक**
- एथेनॉल पर नहीं पड़ेगा जियो-पॉलिटिक्स का असर
- देश का आयात बिल कम होगा, स्थिरता आएगी
- बायोमास की तुलना मे पर्यावरण के लिए बेहतर

**सब्सिडी पर खर्च** | गरीब लोग LPG का इस्तेमाल करते रहें, इसके लिए सरकार ने PMUY के तहत 2025-26 में 12 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया है। घरेलू गैस बिक्री में होने वाले घाटे की भरपाई के लिए IOCL, BPCL और HPCL को 30 हजार करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा। यह उस व्यवस्था की कीमत है, जो आयातित गैस पर निर्भर है।

**बढ़ती क्षमता** | एक तरफ भारत LPG सप्लाई जारी रखने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं देश की एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़कर 1822 करोड़ लीटर हो गई है। इसमें से 1016 करोड़ लीटर एथेनॉल हर साल पेट्रोल में मिलाने के लिए चाहिए। इसके बाद भी काफी मात्रा बच जाती है। अगर 250 करोड़ लीटर एथेनॉल का इस्तेमाल घरेलू ईंधन के रूप में किया जाए, तो दो करोड़ घरों का काम चल सकता है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद** | ध्यान देने वाली बात है कि देश में एथेनॉल डिस्टिलरी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहीं। वहीं, खाना पकाने के लिए 90-95% शुद्धता वाला एथेनॉल भी पर्याप्त है, जिसे बड़े पैमाने पर और सस्ते में बनाया जा सकता है। अच्छी बात यह भी है कि भारत में एथेनॉल के उत्पादन, इसे स्टोर और ट्रांसपोर्ट करने का बुनियादी ढांचा पहले से मौजूद है। बायोमास की तुलना में एथेनॉल से प्रदूषण बहुत कम होता है। Centre for Science and Environment का अनुमान है कि भारत में हर साल घरेलू गैस की वजह से 35 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है, ट्रैफिक से भी ज्यादा। यहां एथेनॉल मददगार है।

**सफल प्रयोग** | भारत में करीब 45 लाख स्ट्रीट फूड वेंडर हैं। इनके यहां एथेनॉल को अपनाया जा सकता है। अगर 13 लाख वेंडर भी ऐसा करते हैं तो 30-40 लाख टन CO उत्सर्जन कम किया जा सकता है। एथेनॉल के लिए देश में टेक्नॉलजी है और इसे आजमाया भी जा चुका है। HPCL और IIT गुवाहाटी ने एथेनॉल से चलने वाला कुकस्टोव बनाया है। HPCL अपने पेट्रोल पंपों पर एथेनॉल एटीएम लगाने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के सुंदरवन में एथेनॉल के इस्तेमाल का पायलट प्रॉजेक्ट सफल हो चुका है।

**मजबूत विकल्प** | भारत में एथेनॉल उत्पादन और उससे जुड़ा सिस्टम काफी मजबूत हो चुका है, पर नीतियों के स्तर पर काम करने की जरूरत है। सरकार को PMUY के तहत एथेनॉल को भी लाना चाहिए और राज्यों में पायलट प्रॉजेक्ट शुरू किए जाएं। आज भारत में LPG की करीब 62% जरूरत आयात से पूरी होती है। इस वजह से जियो-पॉलिटिकल उथल पुथल से देश के ज्यादा प्रभावित होने का खतरा है। एथेनॉल एक विकल्प बन सकता है।

*(लेखक बायोएथेनॉल क्लीन कुकिंग अलायंस के कन्वीनर हैं, ये उनके निजी विचार हैं)*

# शादी से पहले काउंसलिंग से कम होंगे तलाक़

हमने लड़कियों को आगे बढ़ना तो सिखाया। मगर, लड़के पढ़ी-लिखी और आत्मनिर्भर महिलाओं के साथ बराबरी और सम्मान से पेश आने का तरीका नहीं सीख पाए। आंकड़े बताते हैं कि पिछले 20 बरसों में तलाक के मामले 50% तक बढ़े हैं और तलाक लेने में महिलाएं आगे हैं।


प्रभात दीक्षित

**अपेक्षाओं में टकराव** | इसके लिए आमतौर पर दो प्रतिक्रियाएं हैं। पहली, पारिवारिक व्यवस्था में टूट हो रही है और दूसरी, महिलाएं सशक्त हो रही हैं। मगर, सचाई इन दोनों के बीच है। पिछले दो दशक में लड़कियों की शिक्षा, करियर और आर्थिक आजादी में जबरदस्त इजाफा हुआ है। वे फैसला लेने, असहमति जताने और अपने अधिकारों के लिए खड़ी होने लगी हैं। मगर, पुरुषों को उतनी संवेदनशीलता, साझेदारी और समानता की शिक्षा नहीं मिल पाई। नतीजा, शादी के बाद अपेक्षाओं को लेकर टकराव बढ़ा।

**दोनों में बदलाव जरूरी** | जब एक पक्ष खुद में बदलाव लाता है और दूसरा ऐसा नहीं करता है, तो टकराव स्वाभाविक है। घर चलाना अब किसी एक की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि साझा प्रॉजेक्ट है। मगर, हम अब भी लड़कों को लड़कियों का सम्मान करना, घर के कामों में हाथ बंटाना और पेशेवर महत्वाकांक्षाओं को सम्मान देना नहीं सीखा पा रहे। पढ़ी-लिखी महिलाएं बराबरी चाहती हैं और पुरुषों के दबदबे के कारण टकराव होते हैं। पहले असंतोष छिपा रहता था, मगर अब कानूनी और सामाजिक विकल्पों से यह सामने आ जाता है।

**संतुलित समाधान जरूरी** | हमारी शिक्षा प्रणाली अंक और करियर पर केंद्रित है, रिश्तों की समझ पर नहीं।

### कॉमन रूम



लड़कियों को 'आत्मनिर्भर बनो' और लड़कों को 'कमाओ और जिम्मेदारी निभाओ' सिखाया गया, मगर रिश्तों में जरूरी है सुनना, असहमति संभालना, गुस्से को नियंत्रित करना और घर और कामकाज में संतुलन बनाना। आज के युवा करियर और शहरों की अकेली जीवनशैली में एक-दूसरे को समय नहीं दे पाते, जिससे छोटी बातें भी उनके लिए बड़े संकट बन जाती हैं। समाधान संतुलित हो, सिर्फ महिलाओं की प्रगति पर सवाल और पुरुषों को दोष देने से कुछ नहीं होगा।

**सभी आएं आगे** | संतुलित और स्वस्थ रिश्तों के लिए लैंगिक समानता, जीवन-कौशल और संवाद पर जोर जरूरी है। परिवारों में बेटों को घर और महिलाओं के प्रति सम्मान सिखाना चाहिए। विवाह को जिम्मेदार साझेदारी के रूप में समझाने के लिए शादी से पहले काउंसलिंग और भावनात्मक, वित्तीय और मतभेद सुलझाने की शिक्षा मिलनी चाहिए। कार्यस्थल पर मैटरनिटी और पैटरनिटी लीव एक जैसी होनी चाहिए। मीडिया को भी रिश्तों को वास्तविक और संतुलित दिखाना चाहिए। परिवार और दंपती के बीच खुले, सम्मानजनक संवाद को बढ़ावा मिले, जिससे विश्वास, धैर्य और आपसी सम्मान मजबूत हो।

*(लेखिका मीडिया शिक्षिका हैं)*

### कांटे की बात

> देश में LPG और क्रूड की जो स्थिति है, वो अभी शुरुआत है। प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस समस्या से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की गई तो करोड़ों लोगों का नुकसान होगा।


राहुल गांधी, *लोकसभा में विपक्ष के नेता*

### सप्ताह की शख़्सियत

# सतीश जेल में बने शतरंज के खिलाड़ी

*महाराष्ट्र के बार्शी के सतीश पवार की कहानी संघर्ष, गलती और नए रास्ते की खोज का अनोखा उदाहरण है। हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाने के बावजूद उन्होंने जेल में शतरंज को अपनाकर जिंदगी को नई दिशा दी। आज उनकी FIDE रैपिड रेटिंग 1587 है और वह जेल टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।*

**सलाखों के बीच खोज**

**2014 में** 18 वर्ष की उम्र में एक हत्या के मामले में गिरफ्तारी के बाद पवार ने कई साल जेल में बिताए। पहले वह बार्शी और सोलापुर डिस्ट्रिक्ट जेल में रहे। वहां समय बिताने के लिए वह शतरंज खेलते थे। बाद में येरवडा सेंट्रल जेल में उन्होंने पूरी ट्रेनिंग ली। यहीं से उन्होंने रणनीति, धैर्य और एकाग्रता के साथ शतरंज को गंभीरता से खेलना शुरू किया।


AI Image

**अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली**

**जेल में** शुरू हुई पवार की यात्रा जल्द ही बड़ी उपलब्धियों में बदलने लगी। वह इंटरकॉन्टिनेंटल ऑनलाइन चेस प्रिजनर्स में येरवडा जेल टीम का अहम हिस्सा रहे। उनकी टीम ने गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते। जमानत मिलने के बाद उन्होंने पुणे में FIDE रेटेड टूर्नामेंट भी खेला और चार रेटेड खिलाड़ियों को हराया।

प्रस्तुति- अभिषेक मिश्र

### जनता जंक्शन

इरफान




# यूपी में कांशीराम के नाम की माला जपेगी कांग्रेस

हेमंत राजौरा

उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित वोट बैंक की निर्णायक भूमिका रही है। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसी सामाजिक आधार को साधने की रणनीति बना रहे हैं। कांशीराम की जयंती पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस हफ्तेभर का सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। राहुल भी उसमें मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल होंगे।

### परिवर्तन दिवस से सियासत

कांग्रेस 15 मार्च को कांशीराम की जयंती सामाजिक परिवर्तन दिवस के तौर पर मनाएगी। 13 मार्च से ही कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे और सबसे पहले लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य सम्मेलन होगा। इसमें दलित और पिछड़े समाज के चिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों को बुलाया गया है। मंच से राहुल सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना का सवाल उठाएंगे।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

कांग्रेस को लग रहा है कि बहुजन समाज पार्टी (BSP) का प्रभाव अब काफी कम हो गया है। मायावती अब पहले की तरह सक्रिय नहीं दिखतीं और पार्टी का संगठन भी कमजोर माना जा रहा है। कांग्रेस मानती है कि खासकर गैर-जाटव दलित वोटर नए विकल्प की तलाश में हैं। इसलिए राहुल गांधी सामाजिक न्याय, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दे उठाकर दलित और पिछड़े वर्गों का समर्थन पाने की कोशिश में हैं। पिछले लोकसभा चुनावों के बाद हुए सर्वे से कांग्रेस को उम्मीद मिली है। लोकनीति-CSDS के अनुसार विपक्षी दलों के गठबंधन I.N.D.I.A को गैर-जाटव दलितों के लगभग 56% और जाटवों के करीब 25% वोट मिले। कांग्रेस मानती है कि अगर इस समर्थन को और बढ़ाया जाए तो उत्तर प्रदेश में उसकी राजनीति मजबूत हो सकती है। इस कारण पार्टी कांशीराम की बहुजन राजनीति और सामाजिक न्याय के विचारों को अपनी रणनीति से जोड़ दलित-पिछड़े वर्गों में समर्थन बढ़ाने की कोशिश कर रही है।



### BSP का अब भी प्रभाव

कांग्रेस के सामने कई चुनौतियां हैं। दलित राजनीति में BSP का प्रभाव अब भी बरकरार है, खासकर जाटव समुदाय में उसका भावनात्मक जुड़ाव मजबूत है। दूसरी ओर, BJP ने भी पिछले 10 बरसों में दलित वर्गों के बीच संगठन मजबूत किया है और सरकारी योजनाओं के जरिए समर्थन बढ़ाया है। इसलिए कांग्रेस के लिए इस वोट बैंक में बड़ी जगह बनाना आसान नहीं है। समाजवादी पार्टी भी सक्रिय है। अखिलेश यादव की पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (PDA) राजनीति और कांशीराम जयंती को PDA दिवस मनाने की योजना भी इसी वर्ग को आकर्षित करने की कोशिश है।

राहुल गांधी की रणनीति सिर्फ प्रतीकात्मक राजनीति तक सीमित नहीं है। वह आर्थिक और सामाजिक असमानता, संविधान की रक्षा और सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने जैसे मुद्दों को जोड़कर बड़ा सामाजिक गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने BJP पर आरोप लगाया था कि 400 सीटें मिलने पर वह संविधान बदल सकती है। राहुल गांधी का यह मुद्दा विपक्ष के लिए काफी प्रभावी रहा। नतीजतन BJP उत्तर प्रदेश की 75 में से 33 सीटें ही जीत पाई, जबकि उसके सहयोगी दलों को बहुत कम सीटें मिलीं। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने 43 सीटें जीतीं। अब कांग्रेस कांशीराम की जयंती के जरिए दलित राजनीति में नई जगह बनाने की कोशिश कर रही है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

## खुद भूखे रहने पर ही हम जान पाते हैं दूसरों की पीड़ा

नजीब शाह

इन दिनों दुनिया के कई धर्मों के अनुयायी उपवास रख रहे हैं। ईसाई समुदाय लेंट का पालन कर रहा है। लेंट लगभग 40 दिनों का समय होता है, जो ईस्टर से पहले मनाया जाता है। यह उपवास, भोजन में संयम, प्रार्थना, आध्यात्मिक चिंतन, दान और सेवा कार्य से जुड़ा है। मुसलमान रमजान के रोजे रख रहे हैं और बहाई धर्म के अनुयायी 19 दिनों के उपवास का पालन करते हैं। उपवास केवल भोजन से दूर रहना नहीं, आत्मशुद्धि, आत्मसंयम और करुणा का अभ्यास भी है। जब व्यक्ति स्वयं भूख का अनुभव करता है, तब उसे दूसरों की पीड़ा का भी अधिक गहराई से एहसास होता है। यही अनुभव उसे दान और सेवा की ओर प्रेरित करता है।

दान करने की भावना मनुष्य के भीतर करुणा और सहानुभूति जगाती है। दान का एक और महत्वपूर्ण पहलू है विनम्रता। कहा जाता है कि रहीम जब किसी को दान देते थे, तो उनकी दृष्टि नीचे झुकी रहती थी। तुलसीदास ने एक बार उनसे पूछा कि वह ऐसा क्यों करते हैं। इस पर रहीम ने एक प्रसिद्ध दोहा सुनाया- *देनहार कोई और है, भेजत है दिन रैन, लोग भरम हम पर करें, तासों नीचे नैन।* यानी असली देने वाला तो ईश्वर है, जो दिन-रात सबको देता रहता है। लोग भ्रमवश मुझे दाता मान लेते हैं, इसलिए मैं लज्जा से अपनी आंखें नीचे कर लेता हूं।


AI Image

इसीलिए दुनिया के कई धर्मों में गुप्त दान की महिमा बताई गई है। यहूदी परंपरा में श्रेष्ठ दान वह है जो बिना किसी पहचान के दिया जाए। इस्लाम में भी गुप्त दान की सलाह दी गई है, ताकि पाने वाले की गरिमा बनी रहे और देने वाले में अहंकार न आए। ईसा मसीह ने भी कहा है, दान करते समय उसका प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। हिंदू परंपरा में गुप्त दान को सबसे बड़ा पुण्य माना गया है, जबकि सिख परंपरा में दानपात्र में दिया गया दान भी बिना पहचान के होता है।

यदि हम किसी की मदद कर सकते हैं और वह भी बिना किसी प्रचार या प्रदर्शन के, तो वह न केवल समाज के लिए, बल्कि हमारे आत्मिक विकास के लिए भी मूल्यवान है।

### रीडर्स मेल

**कड़े उपाय**

11 मार्च का संपादकीय 'गहराता संकट' पढ़ा। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच का संघर्ष लंबा चलता दिख रहा है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने लड़ाई जल्द खत्म होने की उम्मीद जताई है, पर फिलहाल, इसकी संभावना दिख नहीं रही। तेल-गैस की सप्लाई बाधित होने से दुनिया पर असर पड़ा। कई देशों में ईंधन की भारी कमी के चलते आपातकालीन कदम उठाए जा रहे हैं। देश में रसोई गैस सिलिंडर पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कमर्शल सिलिंडर नहीं मिलने से होटल बंद हो रहे हैं। ऐसे में भारत को भी अपनी ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए कड़े नीतिगत उपाय करने चाहिए।

पैथर तोमर, किशन गंज

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

# लापता युवती की गला घोंट हत्या, शव लाहौरी गेट के होटल में मिला



■ NBT रिपोर्ट, लाहौरी गेट

**लाहौरी गेट** इलाके में एक होटल से युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को युवती के गले पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस का कहना है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई। मृतका की पहचान 24 वर्षीय सौम्या जायसवाल के रूप में हुई। पुलिस सौम्या के परिवार से पूछताछ कर आरोपी का पता लगा रही है। लाहौरी गेट थाने में हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस होटल के सीसीटीवी कैमरों से पड़ताल कर रही है। तीन टीमों को आरोपी की तलाश में लगाया गया है। पुलिस ने गुरुवार पोस्टमॉर्टम के बाद सौम्या का शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, सौम्या परिवार के साथ गली नंबर-5, माता मंदिर मार्ग, मौजपुर जाफराबाद में रहती थीं। परिवार में पिता अमित जायसवाल, मां ललिता के अलावा एक छोटी बहन नित्या है। अमित घर के नीचे ही परचून की दुकान चलाते हैं, जबकि सौम्या चांदनी चौक स्थित एक कंपनी में अकाउंटेंट की नौकरी करती थीं। परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह रोज की तरह सौम्या 11 बजे घर से दफ्तर जाने की बात कर निकली थीं। दोपहर के समय परिजनों ने उसे कॉल किया तो फोन नहीं उठा। कई बार कॉल करने के बाद परिजन परेशान हो गए। परिजन चांदनी चौक स्थित उसके दफ्तर पहुंचे तो पता चला कि सौम्या छुट्टी पर है। दोपहर एक बजे उसने मेसेज कर छुट्टी की बात बताई थी। इसके बाद परिवार लगातार उसकी तलाश करता रहा। शाम के समय परिजन जाफराबाद थाने पहुंचे। वहां उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

**पुलिस की तीन टीमों को आरोपी की तलाश में लगाया गया**

पुलिस ने सीडीआर की मदद से जब उसकी लोकेशन पता की तो वह पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के आसपास मिली। उस आधार पर परिजन वहां पहुंचे और बेटी की तलाश की। पुलिस का कहना है कि छानबीन हुई तो पता चला कि सौम्या किसी दोस्त के साथ दोपहर के समय पुरानी दिल्ली स्टेशन के नजदीक होटल प्रिंस में पहुंची थी। वहां दोनों ने एक रूम लिया। इसके बाद क्या हुआ, पुलिस पता लगा रही है। सूत्रों का कहना है कि रूम लेने के कुछ देर बाद ही युवक होटल से निकल गया था। होटल स्टाफ जब कमरे में पहुंचा तो वहां पर सौम्या को बिस्तर पर अचेत पाया। इसके बाद अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को आशंका है कि दोस्त ने ही उसकी हत्या की और फरार हो गया।

# पत्नी के साथ ट्रेन के नीचे आया पुलिसकर्मी, दोनों की हुई मौत

NBT न्यूज, झज्जर

**रोहतक मार्ग** पर गांव गुढ़ा और जौंधी गांव जाने वाले रास्ते पर बने रेल फाटक के पास गुरुवार दोपहर एक दंपती ने ट्रेन के आगे आकर जान दे दी। दोनों पति-पत्नी बाइक पर आए और रोहतक की तरफ से आ रही मदार एक्सप्रेस के आगे कूद गए। खुदकुशी के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

**कारणों का नहीं हो पाया खुलासा, ढाई साल पहले हुई थी शादी**

मृतक युवा दंपती की पहचान गांव जौंधी निवासी 28 वर्षीय सुनील और 24 वर्षीय पत्नी हिमांशी के रूप में हुई है। फाटक के गेटमैन कर्मबीर की मानें तो घटना दोपहर करीब दो बजे की है। सुनील और हिमांशी बाइक पर आए थे। कुछ देर तक वह बाइक के पास खड़े भी रहे। उस दौरान फाटक बंद था और ट्रेन के आने का इंतजार किया जा रहा था। जैसे ही ट्रेन पास आई, दोनों एक-दूसरे को पकड़कर ट्रैक पर लेट गए। देखते ही देखते उनके शरीर के टुकड़े हो गए। सुनील झज्जर के डीसीपी हेडक्वॉर्टर की सुरक्षा टीम में तैनात था। इस युवा दंपती की ढाई साल पहले शादी हुई थी और उनकी एक 5 माह की बेटी भी है। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस व जीआरपी मौके पर पहुंची और एफएसएल की टीम को बुलाया गया। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया है।

# स्टूडेंट खुदकुशी मामला, HC ने मांगी जांच रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें 16 साल के बच्चे की पिछले साल नवंबर में मौत के मामले की जांच सीबीआई या क्राइम ब्रांच जैसी किसी इंडिपेंडेंट एजेंसी को ट्रांसफर करने की गुहार लगाई गई। पुलिस को नोटिस जारी करते हुए कोर्ट ने यह निर्देश भी दिया कि वह मामले में जांच की स्थिति से जुड़ी अपडेट रिपोर्ट पेश करे। टीनेजर ने पिछले साल 18 नवंबर को राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन के एक प्लैटफॉर्म से कूदकर जान दे दी थी। मृतक के पास से एक स्यूसाइड नोट मिला था, जिसमें उसने इस कदम के लिए अपने स्कूल की कुछ टीचरों को जिम्मेदार ठहराया। इसी के आधार पर मृतक बच्चे के पैरंट्स हाई कोर्ट पहुंचे हैं। मृतक के पिता प्रदीप पाटिल ने पुलिस की जांच पर असंतोष जताया है।

# पुलिस ने तस्करों से मुक्त कराए दो पशु, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, नूंह: पिनंगवा थाना पुलिस ने गांव खोरी शाह चौखा के पहाड़ में दबिश देकर दो पशुओं को मुक्त कराया है। इस मामले में आरोपी पिता-पुत्र सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गांव खोरी शाह चौखा के पहाड़ में बने एक मकान में पशु कटान की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो आरोपी भाग निकले। घनी आबादी, तंग गलियों और पहाड़ी इलाके के कारण पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाई। आरोपियों की पहचान हारून, हारून के पुत्र इरफान और मौसीम के रूप में हुई है। मौके से दो पशु बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

# सप्लाई चेन तोड़ने के लिए तस्कर को भेजा चेन्नै जेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कुख्यात ड्रग तस्कर रोशन लाल (44) को नारकोटिक्स ड्रग्स और मनोरोग पदार्थों की अवैध तस्करी रोकथाम (PITNDPS) एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में पहली बार किसी आरोपी को दिल्ली से बाहर चेन्नै की सेंट्रल जेल पुझल में भेजा है, ताकि इसके जरिए चल रही ड्रग सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ा जा सके। आरोपी रोशन अमन विहार का रहने वाला है, जो लंबे समय से ड्रग तस्करी में सक्रिय था। इस पर NDPS एक्ट के तीन, जबकि एक्साइज और चोरी समेत अन्य चार केस दर्ज हैं।

**अमन विहार निवासी पर PITNDPS एक्ट लगाया**

डीसीपी (ANTF) राहुल अलवल के मुताबिक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) को रोशन लाल के अपने घर पर होने की सूचना मिली। जॉइंट सीपी (क्राइम) धीरज कुमार और अडिशनल सीपी (क्राइम) अभिषेक धनिया की देखरेख और एसीपी सतेंद्र मोहन और इंस्पेक्टर राकेश दुग्गल की लीडरशिप में 10 मार्च को इसे दबोच लिया। इसके बाद PITNDPS एक्ट के तहत चेन्नै की पुझल सेंट्रल जेल भेज दिया। रोशन 2021 से ड्रग तस्करी में है। इसे 2021 में अमन विहार पुलिस ने 50 ग्राम हेरोइन समेत तो 2022 में 1.4 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। रोहिणी सेक्टर 23-24 में इसके स्कूटर से 2024 में कमर्शल मात्रा में 310 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी।

**डैनी, विक्की को लिया हिरासत में**

नंद नगरी के विजय कुमार उर्फ डैनी (47) और भजनपुरा के विकास उर्फ विक्की (29) को भी PITNDPS एक्ट के तहत एक साल के लिए हिरासत में लिया गया है। डैनी पर करीब 50 केस हैं, जो नंद नगरी का घोषित बदमाश है। विक्की पर दो केस हैं। इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार की टीम ने दोनों को पकड़ा।

# एक और जज सुनवाई से हटे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने गुरुवार को सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी, एक्टर लीना मारिया पॉल और 200 करोड़ रुपये की रंगदारी और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के दूसरे आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। यह केस 2024 से लंबित है। जस्टिस शर्मा ने कहा, मैं इन अर्जियों पर सुनवाई नहीं करूंगी। इसके बाद मामले को किसी दूसरे जज की बेंच के सामने सुनवाई के लिए लगाए जाने के लिए इंचार्ज जज के पास भेज दिया गया। जस्टिस शर्मा से पहले कई दूसरे जज भी इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर चुके हैं।

# चोरी की 4 गाड़ियों के साथ गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आनंद पर्वत थाना पुलिस ने एक गाड़ी चोर को गिरफ्तार किया है, जो जल्दी पैसे कमाने के लिए टू-वीलर्स की चोरी करता था। आरोपी मास्टर चाबी की मदद से गाड़ियों का लॉक खोलकर चोरी करता था। पुलिस ने उसके कब्जे से तीन बाइक और एक स्कूटर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आनंद पर्वत निवासी 26 साल के मनीष के रूप में हुई है। सेंट्रल जिले के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि 7 मार्च को बाइक चोरी का एक मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की और मुखबिरों की मदद से आरोपी की पहचान की।

# फेरी वाले से 12 हजार रुपये लूटे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मैदानगढ़ी स्थित संजय कॉलोनी में फेरी लगाकर कबाड़ इकट्ठा करने वाले युवक से मारपीट कर नकदी लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, नूर आलम (23) परिवार के साथ संजय कॉलोनी में किराए पर रहते हैं और गलियों में फेरी लगाकर कबाड़ इकट्ठा करने का काम करते हैं। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला के मानकपुर गांव के रहने वाले हैं।


## दिल्ली छावनी बोर्ड

सुषमा स्वराज मार्ग, दिल्ली छावनी-110010

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**
**बागवानी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए**

दिल्ली छावनी बोर्ड बागवानी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपयुक्त एजेंसी के चयन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है। इच्छुक पक्ष ई-बोली प्रक्रिया के माध्यम से अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत नियम और शर्तें संभावित बोलीदाताओं के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार जारी की जाएंगी:-

| | |
|---|---|
| ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से आरएफपी जारी करने की तिथि | : 16.03.2026 को 1700 बजे |
| आरएफपी दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि और समय | : 14.04.2026 अपराह्न 1300 बजे तक |
| ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय | : 14.04.2026 अपराह्न 1300 बजे तक |
| ई-बोली खोलने की तिथि और समय | : 15.04.2026 को 1330 बजे |

बोलीदाता "अभिरुचि की अभिव्यक्ति" और अन्य लागू नियम और शर्तें, जिसमें विस्तृत एनआईटी, नियम और शर्तें, विशेष शर्तें, इंटीग्रिटी पैक्ट पर हस्ताक्षर, जीएफआर 2017 प्रावधानों का पालन, सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) की प्रयोज्यता, आदेश 2017 आदि शामिल हैं, आरएफपी में दिए गए अनुसार वेबसाइट http://defproc.gov.in और www.delhi.cantt.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि निविदा दस्तावेजों में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, त्रुटि वेबसाइट http://defproc.gov.in और छावनी बोर्ड की वेबसाइट www.delhi.cantt.gov.in पर अपलोड की जाएगी। सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी दरें उद्धृत करने से पहले संशोधन, स्पष्टीकरण, त्रुटियों आदि की जांच के लिए उपर्युक्त वेबसाइटों पर जाना आवश्यक है और इन्हें पंजीकृत करने में विफल रहने पर बोलीदाताओं को कोई मुआवजा देय नहीं होगा।

इस समाचार पत्र में 11.02.2026 को प्रकाशित कार्य के लिए जारी एनआईटी को रद्द/अधिक्रमित माना जा सकता है।

टेलीफोन नंबर 25695450
संख्या डीसीबी/8/सी-1/टीएन/2025-26/13
छावनी बोर्ड का कार्यालय
वेबसाइट : www.delhi.cantt.gov.in

हस्ता/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दिल्ली छावनी



DELHI INTERNATIONAL AIRPORT | GMR

Delhi International Airport Limited
Registered Office: New Udaan Bhawan, Opp. Terminal 3, Indira Gandhi International Airport, New Delhi – 110 037
CIN NO. U63033DL2006PLC146936

**ADDENDUM TO TENDER NOTICE**

Refer to DIAL's Tender Notice published in leading English & Hindi Newspapers (Delhi / NCR editions) on 19th February 2026 for Appointment of Training Institute for undertaking Technical Trainings. The due date of the Tender has been extended till 21st March 2026. For details, the interested parties may download the Bid Documents from www.newdelhiairport.in



IDBI BANK आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
सीआईएन: L65190MH2004GOI148838
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005.

**निविदा सूचना आईडीबीआई बैंक के आउटलेट पर सेवाएं प्रदान करने के लिए कूरियर सेवा प्रदाता का दर संविदा-अखिल भारतीय**

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड पूरे भारत में आईडीबीआई बैंक को कूरियर सेवा प्रदान करने के लिए सुस्थापित और प्रतिष्ठित कूरियर सेवा प्रदाता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। **विवरण के लिए : कृपया बैंक की वेबसाइट** https://www.idbibank.in (नोटिस और निविदाएं) देखें।
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च 2026 अपराह्न 3:00 बजे तक है।**
नोट: उपरोक्त के संबंध में कोई भी अतिरिक्त शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा और समाचार पत्रों में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।
स्थान: मुंबई तिथि: 13 मार्च 2026 ह/- डीजीएम (आईएमडी)



Phone: (Office) 0522-2287068
(Office) 0522-2287233
Fax: (Office) 0522-2286471
Email: upgwd.in@gmail.com
Website: http://upgwd.gov.in

## कार्यालय निदेशक

भूगर्भ जल विभाग, उ०प्र०, भूजल भवन (रा०भू०सु०प्र०के०)
हरिहरपुर, शहीदपथ, लखनऊ।

संख्या: 1678/भू०जल०वि०/NMCG लखनऊ : दिनांक: 10 मार्च, 2026

**प्रेस सूचना/ई-एनआईटी का संक्षिप्त संस्करण**

**गंगा-यमुना दोआब (कौशांबी-कानपुर विस्तार) में एनजीआरआई, हैदराबाद द्वारा किए गए अध्ययन के लिए प्रदर्शनात्मक प्रबंधित जलभृत रिचार्ज (MAR) परियोजना के लिए ई-निविदा**

1. माननीय राज्यपाल की ओर से निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से पात्र और योग्य निविदा-दाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| Sl. No. | Name of Work & Location | Estimated Cost (excluding GST) | Cost of Bid Document | Stipulated period of completion | Earnest Money | Last date & Time of Submission of online bid | Time & date of opening of technical bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Demonstrative Managed Aquifer Recharge (MAR) Project For the study conducted by NGRI, Hyderabad in the Ganga-Yamuna Doab (Kaushambi-Kanpur Stretch). | Rs 108.73 Lacs | Rs 1100.00 + 18% GST = 1298.00 | 45 days + IEC work for 2 years | Rs 2.17 lacs | 07.04.2026 up to 15.00 hours | 07.04.2026 at 15.30 hours |

2- निविदा अभिलेख ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up.nic.in पर 16.03.2026 को 15.00 बजे से 07.04.2026 को 15.00 बजे तक ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। निविदा अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि 07.04.2026 को 15.00 बजे तक (ऑनलाइन) है। निविदाओं का तकनीकी भाग 07.04.2026 को 15.30 बजे पोर्टल के माध्यम से खोला जाएगा।

3- एक वर्चुअल प्री-बिड मीटिंग 24.03.2026 को 15.00 बजे ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, बैठक का लिंक https://meet.google.com/dbh-aste-xsb है। निविदा-दाता किसी प्रकार की तकनीकी सहायता/व्याख्या अथवा निविदा अभिलेख, यदि कोई हो, के संबंध में निविदा-दाताओं द्वारा उठाए गए किसी भी प्रश्नों का उत्तर देने हेतु लखनऊ में निदेशक भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में प्री-बिड मीटिंग की तिथि से पूर्व निर्धारित ई-मेल upgwd.in@gmail.com पर प्रश्न भेज सकते हैं।

4- प्रस्तुत करने और अन्य निविदा विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट ई-टेंडर पोर्टल https://www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध एनआईटी/निविदा अभिलेख देखें। निविदा अभिलेख और अन्य विवरण भूगर्भ जल विभाग, उ०प्र० की वेबसाइट http://upgwd.gov.in पर भी उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन आदि, यदि कोई हो, केवल इन वेबसाइटों पर अधिसूचित किया जाएगा और इसके लिए अलग से विज्ञापन नहीं दिए जाएंगे।

5- भूगर्भ जल विभाग, उ०प्र० के पास बिना कोई कारण बताए या कोई दायित्व उठाए बिना, किसी भी/सभी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

नोट:-हिन्दी व अंग्रेजी वर्जन सूचना में किसी विरोधाभास की दशा में अंग्रेजी वर्जन सूचना में लिखी गयी शर्तें लागू होंगी।

UPID-247893/11.03.2026 www.upgov.nic.in

निदेशक,
भूगर्भ जल विभाग, उ०प्र०



AIRAWAT RESEARCH FOUNDATION

Web: www.airawat.org Phone No.:0512-259-2621 Email:- office@airawat.org

**TENDER NOTICE NO-07 DATE 28/01/2026**
**NOTICE INVITING TENDER**

Chief Operating Officer, Airawat Research Foundation, IIT Kanpur, on behalf of the Airawat Research Foundation, invites sealed tender for the service from eligible and experienced firms for the following work:

| Item No | Tender No. | Due for Opening on | Brief Description of Service | Qty. Required for | EMD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ARF/2025-26/02 Dated 13.03.2026 | 03.04.2026 at 11:00 hrs | Services for Testing, Co-location and Calibration of 330 IoT-Based Ambient Air Quality Monitoring devices against US-EPA FEM/FRM Reference Monitors. | 330 devices | 1,25,400/- |

Complete description of the work and other conditions is available on website www.airawat.org.
1- Interested firms can download the complete tender document, eligibility criteria, and other terms & conditions from Airawat Research Foundation site i.e. www.airawat.org.
2- Any amendments or corrigendum will only be published on the website : www.airawat.org only.



## रेल भूमि विकास प्राधिकरण

(रेल मंत्रालय, भारत सरकार का सांविधिक प्राधिकरण)
यूनिट नं. 702-बी, 7वां तल, कनेक्टस टॉवर-2, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002

ई-निविदा के माध्यम से प्रस्ताव हेतु अनुरोध
(आरएफपी सूचना सं. आरएलडीए/2026/आरएफपी/कार्य/28 ऑफ 2026 दिनांक 02.03.2026)

कस्टमाइज्ड फर्नीचर का निर्माण और फिक्सिंग सभी आवश्यक फिटिंग्स और सहायक उपकरणों के साथ रेल भवन के कक्ष तथा निर्दिष्ट स्थान पर रायसीना रोड, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

| कार्य का विवरण | बोली प्रतिभूति | बोली दस्तावेज शुल्क | अनुमानित लागत (आईएकार) |
|---|---|---|---|
| कस्टमाइज्ड फर्नीचर का निर्माण और फिक्सिंग सभी आवश्यक फिटिंग्स और सहायक उपकरणों के साथ रेल भवन के कक्ष तथा निर्दिष्ट स्थान पर रायसीना रोड, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 | रु. 6.53 लाख | रु. 11,800/- (जीएसटी @ 18% सहित) | रु. 13.64 करोड़ |

ऑनलाइन ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथि व समय : 02.04.2026 को 15.00 बजे तक
परियोजना की अधिक जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट https://www.rlda.indianrailways.gov.in या ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.tenderwizard.com/RLDA पर सीधेक 'ई-टेंडर' के अंतर्गत देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए निम्नलिखित से संपर्क कर सकते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक/बीडी M: 8920099287 abhishek.mehta13@gov.in | संयुक्त महाप्रबंधक/विपणन M: 9540909393 jgmmarketingrlda@gmail.com | ई-निविदा पूछताछ हेतु श्री सूरज सिंह M: 9599653865 suraj@etenderwizard.com |

नोट: कोई भी शुद्धिपत्र या परिशिष्ट केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा
उपमहाप्रबंधक/निविदा (सी) 9711305031



## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

TRAI

**रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-02/2026- मानव संसाधन**

**विषय: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सचिव भादूविप्रा के पद को भरने के संबंध में।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने मुख्यालय, नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा-शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है:-

| पद का नाम | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन |
|---|---|
| सचिव, भादूविप्रा | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 15, रुपये 1,82,200-2,24,100 एवं सरकारी नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि। |

2. ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026** है।
3. अन्य विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

CBC 06202/12/0073/2526



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज सिरोही**, अमनविजन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक, पता बी 2/2, युसुफ नगर, बनिया मऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-26002 (2) अंकित राणा, अमनविजन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक, पता 115, अंबेडकर मोहल्ला, रामाना, धौलाना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-245301 ने **FIR No/CC No. 1308/2019 U/S 138 NI Act**, अन्तर्गत थाना प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज सिरोही और अंकित राणा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज सिरोही और अंकित राणा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No/CC No. 1308/2019 U/S 138 NI Act**, अन्तर्गत थाना प्रशांत विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **पंकज सिरोही और अंकित राणा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
उत्तर, न्यायालय नंबर 14
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/2981/RD/2026(Court Matter)



## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



खुशबू कुमारी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **खुशबू कुमारी** पुत्री प्रदीप ठाकुर, **निवासी:** E-160, शिव विहार, निलोठी, नांगलोई, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक **23.02.2026** से अपहृत/ लापता है। इस बाबत **FIR/DD No. 154A** दिनांक **25.02.2026** थाना: निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है। इस लड़की का शारीरिक ब्यौरा निम्न प्रकार है।

उम्र: 19 वर्ष, कद: 5'1", रंग: सांवला, चेहरा: लम्बा, शरीर: सामान्य, पहनावा: लाल रंग की कुर्ती एवं पजामी और पैरों में जूती पहनी हुई है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना: निहाल विहार, दिल्ली को निम्नलिखित नं. व ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट: http://cbi.nic.in पर सूचित करें।

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना: निहाल विहार, दिल्ली
DP/3098/NW/2026 फोन: 7042245698, 9034425246



## गुमशुदा की तलाश



पूनम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम पूनम, पुत्री राजू केवट, पता: झुग्गी नं. 11, ब्लॉक-डी-2, ए-33 के पीछे, नानकपुरा, नई दिल्ली जोकि दिनांक 07.03.2026 को अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में FIR No. 39/26 U/S 137(2) भारतीय न्याय संहिता-2023, दिनांक 07.03.2026 पुलिस थाना साउथ कैंपस, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है

नाम: पूनम, उम्र: 16 वर्ष, कद: 4'6", रंग: सांवला, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहनावा: काले रंग की टी-शर्ट, काले रंग का लोअर और पैरों में गुलाबी रंग की चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना साउथ कैंपस, नई दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639
थाना प्रभारी
पुलिस थाना साउथ कैंपस, नई दिल्ली
DP/3021/SW/2026 फोन: 7065036223, 9810643349



## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं। क्र०सं०-1., निविदा सूचना संख्या:- ई-निविदा-एल-44-25-26, कार्य का नाम (हिन्दी):- सिवान एवं मऊ स्टेशनों पर प्री-कूलिंग सह बैटरी चार्जिंग पॉइंट्स की व्यवस्था।, अनुमानित लागत:- रु. 8553704.37, अमानत राशी:- रु. 171100.00, कार्य समापन का समय:- 04 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय:- 06.04.2026 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 06.04.2026 14:30 बजे, क्र०सं०:- 2., निविदा सूचना संख्या:- ई-निविदा-एल-45-25-26, कार्य का नाम (हिन्दी):- वाराणसी मंडल के अंतर्गत प्लेटफॉर्म लाइटिंग, स्ट्रीट लाइटिंग, लिफ्ट एवं एस्केलेटर के 30/70% हेतु IOT उपकरण/इंटेलिजेंट फील्ड डिवाइसेस की व्यवस्था (चरण-2)।, अनुमानित लागत:- रु. 49104762.58, अमानत राशी:- रु. 396500.00, कार्य समापन का समय:- 04 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय:-06.04.2026 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-06.04.2026 14:30 बजे, क्र०सं०:- 3., निविदा सूचना संख्या:- ई-निविदा-एल-46-25-26, कार्य का नाम (हिन्दी):- वाराणसी मंडल के अंतर्गत उपकेन्द्र एवं जल पंप के लिए IR-NIYANTRAC हेतु IOT उपकरण/इंटेलिजेंट फील्ड डिवाइसेस की व्यवस्था (चरण-2)।, अनुमानित लागत:- रु. 30966213.87, अमानत राशी:- रु. 304800.00, कार्य समापन का समय:- 04 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय:- 06.04.2026 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 06.04.2026 14:30 बजे, क्र०सं०:- 4., निविदा सूचना संख्या:-ई-निविदा-एल-47-25-26, कार्य का नाम (हिन्दी):- वाराणसी मंडल में जंग लगे विद्युत पोलों की पेंटिंग तथा विद्युत पोल, हाई मास्ट एवं लैटिस टॉवर का विघटन (डिस्मेंटलिंग)।, अनुमानित लागत:-रु.1713698.70, अमानत राशी:-रु.34300.00, कार्य समापन का समय:- 03 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय:- 07.04.2026 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-07.04.2026 14:30 बजे, क्र०सं०:- 5., निविदा सूचना संख्या:- ई-निविदा-एल-48-25-26, कार्य का नाम (हिन्दी):- वाराणसी मंडल विभिन्न क्षमता के डीजी सेटों की मरम्मत ओवरहॉलिंग/सर्विसिंग, अनुमानित लागत:- रु.1413876.00, अमानत राशी:- रु. 28300.00, कार्य समापन का समय:- 02 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय:- 07.04.2026 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-07.04.2026 14:30 बजे, उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजिनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-300 वाराणसी
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
## पारीछा तापीय विद्युत परियोजना – पारीछा, झाँसी

1. **GEM/2026/B/7334442 Dated 09.03.2026,** "शिफ्ट ड्यूटी स्टाफ हेतु मिनि बस की तैनाती" अनुमानित धनराशि रू0 14,06,850/- धरोहर राशि रू0 28,000/- बिड बंद होने की अन्तिम तिथि 30.03.2026, 16:00 बजे तक।
2. **GEM/2026/B/7327752 Dated 06.03.2026,** "विंडो/स्प्लिट/ पैकेज ए0सी0/वाटर व एयर कूलर का प्रिवेंटिव एण्ड ब्रेकडाउन मेन्टीनेन्स कार्य" अनुमानित धनराशि रू0 16,73,955/-, धरोहर राशि रू0 28,500/- बिड बंद होने की अन्तिम तिथि 27.03.2026, 16:00 बजे तक।
3. **GEM/2026/B/7327873 Dated 06.03.2026** "वाटर सप्लाई सिस्टम के 0.4 के0वी0 एलटी मोटर्स के प्रिवेन्टिव मेन्टीनेन्स, ओवरहॉलिंग, रिवाइन्डिंग का कार्य" अनुमानित धनराशि रू0 7,08,000/-, धरोहर राशि रू0 12,000/- बिड बंद होने की अन्तिम तिथि 30.03.2026, 16:00 बजे तक।
4. **GEM/2026/B/7299890 Dated 27.02.2026** "थर्ड पार्टी पब्लिक लायबिलिटी इंश्योरेंस एक्ट पॉलिसी" अनुमानित धनराशि रू0 40,00,000/-, धरोहर राशि रू0 00 बिड बंद होने की अन्तिम तिथि 20.03.2026, 16:00 बजे तक।
5. **GEM/2026/B/7303028 Dated 03.03.2026** "सामान्य उपस्कर खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न साइज के पाइपलाइन का अनुरक्षण एवं रिलोकेशन का कार्य" अनुमानित धनराशि रू0 10,29,315/-, धरोहर राशि रू0 12,000/- बिड बंद होने की अन्तिम तिथि 20.03.2026, 17:00 बजे तक।
6. **GEM/2026/B/7340868 Dated 10.03.2026** "सुरक्षा जूते (V3) आई0एस0आई0 15298 (भाग-2) (Q2) के अनुसार आई0एस0आई0 चिह्नित" अनुमानित धनराशि रू0 30,84,320/-, धरोहर राशि रू0 31,000/- बिड बंद होने की अन्तिम तिथि 20.03.2026, 18:00 बजे तक।
7. **GEM/2026/B/7341528 Dated 10.03.2026** "औद्योगिक सुरक्षा हेलमेट (बी-3) आईएसआई द्वारा आईएस 2925(Q2) के अनुरूप प्रमाणित" अनुमानित धनराशि रू0 13,56,500/-, धरोहर राशि रू0 14,000/- बिड बंद होने की अन्तिम तिथि 20.03.2026, 19:00 बजे तक।

नोटः- निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से https://etender.up.nic.in & uprvunl.org देखें।

सं. 30/टी.एस.डी.-प0/पीटीपीएस/ दिनांक 11.03.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"



## उत्तर पश्चिम रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-प्रथम, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा – दोहरी पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना संख्या: T.No. JU/Const./T-04-2025-26-BGKT-PH-II. कार्य का नाम स्थान सहित:** Development of Maintenance infrastructure (Civil, Mechanical) involving construction of PEB structures for Workshops, Training school and other ancillary works in connection with maintenance cum workshop depot for Vande Bharat Sleeper trains at Bhagat Ki Kothi, Jodhpur as per conditions under WTA-527 (Phase-II). **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 93,14,60,755.35, **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 48,07,300.00. **ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 07.04.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है: www.ireps.gov.in. कार्यालय ई-मेल का पता: dycecju@nwr.railnet.gov.in.** (No. JU/Const./74-W-15/2025-26/BGKT/VBTSD/PH-II, dated 07.03.2026).

349-PM/26



## पूर्वोत्तर रेलवे

**शुद्धि पत्र**

*Website-www.ner.indianrailways.gov.in*
**दिनांक: 11-03-2026**

निविदा संख्या-26260669, खुलने की तिथि 12-03-2026 एवं निविदा सूचना संख्या-50 दिनांक 16-02-2026 के अन्तर्गत मद सं० 05 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:-
**मद सं० 05, मद विवरण:** निविदा खुलने की तिथि एवं समय, वर्तमान प्रविष्टि: 12-03-2026, 11:30 am., **अब पढ़ा जाय:** 30-03-2026, 11:30 am.
अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।
**नोट:** उपरोक्त निविदा सूचना को पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट *www.ner.indianrailways.gov.in* एवं भारत सरकार की वेबसाइट *www.tenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक,**
मुजाधि/एस-88 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2026-46**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:-
**क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2026-46, कार्य का नाम:- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:- लखनऊ मण्डल में गोण्डा-बाराबंकी सेक्शन के बीच एलसी संख्या 253/सी, 267/सी, 283/सी, 284/सी, 306/सी और 313/सी के स्थान पर एयर पुशिंग तकनीकी द्वारा एलएचएस का निर्माण। कुल 06 नग। अनुमानित लागत (रु०): ₹ 43,49,32,029.42, अग्रिम धन (रु०): ₹ 23,24,700/-, समापन अवधि: 18 माह।
(1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-46 के लिये ई-निविदा दिनांक 01-04-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी।
(2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्लू-505 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## राजघाट समाधि समिति
## राजघाट, नई दिल्ली

**निविदा सूचना**
**शुद्धिपत्र**

**"राजघाट के पार्किंग क्षेत्र में कैफेटेरिया के संचालन"** के कार्य हेतु सचिव, राजघाट समाधि समिति द्वारा सीलबंद निविदा आमंत्रित की गई थी, जो **22.02.2026** को नवभारत टाइम्स एवं द टाइम्स ऑफ इंडिया समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी। उक्त निविदा की **बिक्री की तिथि अब बढ़ाकर 18.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक** कर दी गई है तथा **निविदा जमा करने की तिथि को बढ़ाकर 18.03.2026 को शाम 4:00 बजे** तक कर दिया गया है। **निविदा 19.03.2026 को दोपहर 3:00 बजे** खोली जाएगी। अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।



## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 11/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। क्र.स.:- 1., कार्य का विवरण:- इज्जतनगर डिवीजन के काशीपुर लालकुआं, पीलीभीत पश्चिम एवं पीलीभीत पूरब स्टेशनों पर डिवीजनल ट्रैफिक इंस्पेक्टर के लिए कार्यालय का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में:- 96,92,068.18, बयाना राशि रूपयों में:- रु. 1,93,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह, क्र.स.:- 2., कार्य का विवरण:- इज्जतनगर डिवीजन में आर.सी.सी. स्टेजिंग के ऊपर प्लास्टिक टैंक उपलब्ध कराकर बनबसा, मझोला पकड़िया, न्यूरिया हुसैनपुर, शाही, सीपल, बाजपुर, एवं सकरा स्टेशनों पर कॉलोनी में पाइप से पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करना। अनुमानित लागत रूपयों में:- रु. 1,09,46,221.22, बयाना राशि रूपयों में:- रु. 2,49,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह, क्र.स.:- 3., कार्य का विवरण:- इज्जतनगर डिवीजन के पीलीभीत-मैलानी अनुभाग में गेज रूपांतरण कार्यों के बचे हुए कार्यों के संबंध में साइड नालियों के निर्माण, लेवल क्रॉसिंग पर क्वार्टर कार्य, वन क्षेत्र में चेन लिंक बाड़ लगाने का कार्य, पूरनपुर स्टेशन के पास बाउंड्री वॉल का निर्माण, जलभराव की रोकथाम के लिए एल.एच.एस. की मरम्मत एवं कुछ स्थानों पर शेष रिपेयर का शेष कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में:- रु. 10,10,00,031.63, बयाना राशि रूपयों में:- रु. 6,55,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह, क्र.स.:- 4., कार्य का विवरण:- इज्जतनगर डिवीजन में कासं/1 के अधिकार क्षेत्र में आने वाले एन.एस.जी.-3 से एन.एस.जी.-6 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान (स्टेशनों की सूची संलग्न)। अनुमानित लागत रूपयों में:- रु. 4,43,83,424.93, बयाना राशि रूपयों में:- रु. 3,71,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य, शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह 1. ई-निविदा दिनांक 01.04.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी०)
मुजाधि/डब्लू-503 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP12 User: cci Time: 03-12-2026 22:39 Color:



पिछले IPL सीजन में रजत पाटीदार की कप्तानी लाजवाब रही। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एक मजबूत बोलिंग अटैक बनाया है। हालांकि, उनके लिए फिर से खिताब जीतना आसान नहीं होगा। उम्मीदों का बहुत दबाव होगा। *-अनिल कुंबले, पूर्व क्रिकेटर, भारत*



**357**

*सिक्स लगाए हैं किंग कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग में। वह लीग में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर हैं। गेल के अलावा सिर्फ रोहित शर्मा (302) ने लीग में तीन सौ से अधिक सिक्स जड़े हैं*

## MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

**आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें**

1. IPL में 300+ सिक्स कितने प्लेयर्स ने लगाए हैं?
A) 1 B) 2 C) 4 D) 3
2. FIH विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर के सेमीफाइनल में भारत किस टीम का सामना करेगी?
A) इटली B) वेल्स C) इंग्लैंड D) ऑस्ट्रेलिया
3. रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग प्री-क्वॉर्टर फाइनल में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ कितने गोल दागे?
A) 2 B) 4 C) 3 D) 5

**कल के जवाब**
1. B) बांग्लादेश 2. C) राशिद खान

**लकी विनर्स**



1. रत्नेश कुमार, सुरहेड़ा, दिल्ली
2. नीरज पटेल, फरीदाबाद, हरियाणा
3. सरोज जैन, ठाणे, महाराष्ट्र

**आप अपने जवाब हमें**
**9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

*इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।*

## फटाफट खबरें

### गुंजन, राधामणी जीते

■ बैंकॉक: वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में भारत की गुंजन, राधामणी लोकजाम और चंद्रिका पुजारी ने अपने-अपने मुकाबले जीते। गुंजन (48 किग्रा) 5-0 से जीतीं, जबकि राधामणी (57 किग्रा) ने इक्वाडोर की बॉक्सर को RSC से मात दी। चंद्रिका पुजारी (50 किग्रा) ने अमेरिकी खिलाड़ी को 5-0 से शिकस्त दी। प्राची (60 किग्रा) और प्रियांश सेहरावत (70 किग्रा) को हार का सामना करना पड़ा।

### प्रीतिका के दो गोल

■ यांगून: प्रीतिका बर्मन के दो गोल की मदद से भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने पहले फ्रेंडली मैच में म्यांमार को 2-0 से हरा दिया। यह मुकाबले AFC अंडर-17 महिला एशियन कप की तैयारियों के तहत हो रहे हैं। एशियन कप 1 मई से चीन में होगा।

### IOA की पहल

■ नई दिल्ली: इंडियन ओलिंपिक असोसिएशन (IOA) ने राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के ओलिंपिक संघों से ओलिंपिक डे के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाने की अपील की है। प्रत्येक संघ को प्रतीकात्मक रूप से 2036 पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

### साधारण ऑफ-कटर को बना दिया सबसे घातक हथियार

# बुमरा का 'मायाजाल'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जसप्रीत बुमरा ने फिर साबित किया है कि वह बड़े मौकों के खिलाड़ी हैं। टी20 वर्ल्ड कप में वह लगातार अपने प्रदर्शन से हैरान करते रहे और दबाव के क्षणों में शानदार गेंदबाजी कर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। चाहे टी20 वर्ल्ड के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बुमरा का प्रदर्शन असाधारण रहा। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को उन्होंने 'नेक्स्ट लेवल' तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में बुमरा ने अपनी तेज यॉर्कर के अलावा अपनी स्लोअर गेंदों से ज्यादा प्रभाव डाला।

**इस तरह बन गया अचूक अस्त्र:** इस टूर्नामेंट में जिन मैचों में कुल 390 से ज्यादा रन बने, उनमें बुमरा की स्लोअर गेंदों का औसत 7 से भी कम रहा और उनका इकॉनमी सिर्फ 6 रही। वहीं उन्हीं मैचों में बाकी सभी बोलर्स की स्लोअर गेंदों का औसत लगभग 14 रहा और इकॉनमी 20 से भी ज्यादा रही। बुमरा की स्लोअर गेंद के बारे में सबसे हैरान करने वाली बात यह भी नहीं है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वह सिर्फ एक ही तरह की स्लोअर बॉल डालते हैं, जी हां सिर्फ एक। न कोई स्प्लिट-फिंगर रिलीज, न नकल बॉल, न ही बैकहैंडर। बल्लेबाजों को यह अंदाजा लगाने या अनुमान लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ती कि वह कौन-सी स्लोअर गेंद डालने वाले हैं। उनके पास बस एक ही विकल्प है और इसी से उन्होंने इतने विकेट लिए हैं साथ ही अपनी बाकी शानदार गेंदों के साथ भी बल्लेबाजों को परेशान किया है। यह भी कोई खास या जटिल गेंद नहीं, बल्कि सबसे सामान्य और उपयोगी स्लोअर गेंद है ऑफ-कटर। यह वही गेंद है जिसे ज्यादातर तेज गेंदबाज इसे अपने किसी विशेष कौशल के रूप में गिनते भी नहीं, क्योंकि यह कोई अनोखी कला नहीं मानी जाती। सच तो यह है कि लगभग हर गेंदबाज यह गेंद डाल सकता है।

**रणनीति के पीछे की यह सोच:** बुमरा ने इसके पीछे अपनी सोच के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'मैं यहां ऐसी तेज पिचों पर भी खेला है, मैंने यह भी देखा कि दूसरी टीम कैसे बोलिंग कर रही थी। यहां मैंने सीखा है कि अगर आप बहुत तेज गेंद डालने की कोशिश करते हैं तो बल्लेबाजों के लिए शॉट खेलना आसान हो जाता है। कभी-कभी गेंद स्किड भी करती है। इसलिए समझदारी से गेंदबाजी करना, गति में बदलाव करना और यह समझना कि बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है, ये सभी चीजें काफी मदद करती हैं और गेंदबाजी करते समय स्पष्टता भी देती हैं।'

> जसप्रीत बुमरा के साथ बोलिंग करना बहुत मजेदार होता है। ऐसा लगता है कि वह कंप्यूटर पर खेल रहे हैं। बुमरा का प्रोसेस बहुत कमाल का है। वह बहुत मेहनत करते हैं और हमें भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हैं। *-अर्शदीप सिंह, भारतीय फास्ट बोलर*




**14** प्लस विकेट निकाले हैं जसप्रीत बुमरा ने लगातार दो टी20 वर्ल्ड कप में। इस वर्ल्ड कप वरुण चक्रवर्ती ने भी उनके बराबर 14 विकेट निकाले, लेकिन वरुण की बुमरा से 3.04 रन ज्यादा रहा



| टी20I में बुमरा | मैच | विकेट | इकॉनमी | ऐवरेज |
|---|---|---|---|---|
| | 95 | 121 | 6.52 | 18.1 |

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### आधी गेंदें तो डॉट रहीं

बुमरा ने टी20 वर्ल्ड कप में अब तक कुल 578 गेंदें फेंकी हैं। इनमें से आधे से ज्यादा यानी 300 गेंदें (51.90%) डॉट बॉल रही हैं। किसी टीम के बोलिंग अटैक में ऐसा आंकड़ा होना बहुत बड़ा फायदा होता है। साथ ही विपक्षी टीम पर दूसरे गेंदबाजों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा रन बनाने का दबाव भी बढ़ जाता है। टी20 वर्ल्ड कप में अपनी 578 गेंदों के दौरान बुमरा को सिर्फ 10 बार सिक्स लगाया गया है। साल 2024 और 2026 के फाइनल में इस पेसर ने सिर्फ दो चौके दिए और ये दोनों साउथ अफ्रीका की बारबाडोस में हुई रनचेज की शुरुआत में आए थे। साल 2026 के फाइनल में जब अहमदाबाद की पिच पर भारत ने 255 रन बनाए थे, बुमरा ने एक भी बाउंड्री नहीं दी। बुमरा को सिर्फ उनकी निरंतरता के कारण ही नहीं, बल्कि बड़े मैचों में उनके प्रदर्शन की वजह से भी टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने साल 2024 के फाइनल में 2/18 के आंकड़े के साथ भारत को लगभग तय हार से बचाया, जिससे दोनों फाइनल मिलाकर उनका संयुक्त प्रदर्शन 6 विकेट पर 33 रन रहा।

### एबी ने कहा, जसप्रीत ही थे असली हकदार

■ नई दिल्ली: टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय बैटर संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे, लेकिन साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डीविलियर्स अलग राय रखते हैं। एबी ने कहा, 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए जसप्रीत बुमरा और संजू सैमसन के बीच करीबी मुकाबला था। टूर्नामेंट के दौरान कुछ ऐसे मौके आए जिसमें बुमरा की गेंदबाजी देखने के बाद मुझे लगा कि उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया जा सकता था। बुमरा ने सबसे ज्यादा विकेट लिए और इसलिए वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए दावेदार थे। उनके कुछ खास ओवर और पलों में उनके प्रदर्शन ने भारत के लिए सबसे अहम भूमिका निभाई। भारत में तेज गेंदबाज के तौर पर बोलिंग करना आसान नहीं है।'

**वॉर का असर**

### साउथ अफ्रीका और विंडीज का आखिरी जत्था भी रवाना



■ एजेंसियां, मुंबई: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने गुरुवार को बताया कि टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारत में फंसे साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश के लिए रवाना हो गया है। पहले वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी स्वदेश लौट चुके थे, जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए कमर्शियल फ्लाइट्स की व्यवस्था की गई। साउथ अफ्रीका की टीम के 29 सदस्य भी अब अपने देश रवाना हो गए हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने आई कई टीमों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हुई थीं। साउथ अफ्रीका तथा वेस्टइंडीज कोलकाता में अटक गई थीं, क्योंकि कई प्रमुख हवाई अड्डों का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

# हार्दिक पर तिरंगे के अपमान का आरोप

■ एजेंसियां, पुणे: टी20 वर्ल्ड कप 2026 के जश्न के दौरान वायरल हुए कुछ विडियो ने भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। अहमदाबाद में अपनी गर्लफ्रेंड माहेका शर्मा के साथ टी20 वर्ल्ड कप जीत का जश्न मनाते समय कथित तौर पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिटकर ने बेंगलुरु के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, एक विडियो में हार्दिक कंधे पर तिरंगा ओढ़े हुए मैदान पर दौड़ते और डांस करते नजर आ रहे हैं। शिकायतकर्ता वाजिद खान ने कहा, 'हार्दिक जीत का जश्न मनाते हुए गर्लफ्रेंड के साथ डांस कर रहे थे। राष्ट्रीय ध्वज उनके कंधे पर बंधा हुआ था। 1971 के राष्ट्रीय ध्वज अधिनियम की धारा 2 के अनुसार हमें राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। लेकिन हार्दिक अपनी गर्लफ्रेंड के साथ राष्ट्रीय ध्वज ओढ़कर लेटे हुए थे। मेरे अनुसार यह राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।'



गर्लफ्रेंड माहेका शर्मा के साथ हार्दिक

### चर्चा में रहा था हार्दिक और माहेका का जश्न

हार्दिक का जश्न चर्चा में रहा। जश्न के दौरान उन्हें माहेका के साथ खास पल साझा करते हुए देखा गया। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा जा चुका है और इस बार जीत के बाद भी यह जोड़ी जश्न में डांस करती नजर आई। एक विडियो में हार्दिक स्टेज पर माहेका के साथ लेटे हुए दिखाई दिए। इसके बाद उन्हें ईशान किशन और उनकी कथित गर्लफ्रेंड के साथ साइडलाइन पर डांस करते हुए भी देखा गया।

# भारतीय फ्रेंचाइजी की टीम ने पाक प्लेयर को खरीदा

■ एजेंसियां, लंदन: 'द हंड्रेड' खिलाड़ी नीलामी में भारतीय कंपनी सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को 1.90 लाख पाउंड (लगभग 2.34 करोड़ रुपये) में खरीदा। इसके साथ ही वह भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी से करार करने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए। अबरार के लिए ट्रेंट रॉकेट्स और सनराइजर्स के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत सनराइजर्स ने बाजी मारी। इस पाकिस्तान स्पिनर की खरीद के साथ यह अटकलें भी खत्म हो गईं कि भारतीय स्वामित्व वाली टीमें पाकिस्तानी प्लेयर्स पर बोली नहीं लगाएंगी।



पाकिस्तान के अबरार अहमद

### भ्रष्टाचार में तीन सस्पेंड

ब्रिजटाउन: ICC ने बारबाडोस में 2023-24 बिम10 टूर्नामेंट के दौरान भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के कथित उल्लंघन के आरोप में पेसर ऑलराउंडर जाबेन सल्स और एक फ्रेंचाइजी से जुड़े दो अधिकारियों को अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया है। ICC ने सल्स के अलावा टाइटंस टीम के मालिक चिरंजन राठौड़ और टीम अधिकारी ट्रेवन ग्रिफिथ को भी सभी प्रकार के क्रिकेट से निलंबित किया है। बिम10 10-10 ओवर की पारियों वाला टूर्नामेंट है। टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेती हैं।

### होड़ में शुभमान आगे

नई दिल्ली: भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमान गिल को 15 मार्च को होने वाले BCCI के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना जाना लगभग तय है। पिछले साल टेस्ट में 983 रन और वनडे में 754 रन बनाने के कारण उन्हें यह सम्मान मिलने की संभावना है।

**स्विस ओपन**

### केंटा ने मैच छोड़ा, तरुण दूसरे दौर में

■ एजेंसियां, बासेल: भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तरुण मन्नेपल्ली ने स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेंस सिंगल्स के दूसरे राउंड में जगह बना ली। तरुण के प्रतिद्वंद्वी जापान के केंटा निशिमोतो मैच के बीच से ही हट गए। वर्ल्ड रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज तरुण मैच में 16-21, 21-16, 7-2 से आगे चल रहे थे, तभी कंधे में दर्द के कारण केंटा ने मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया। इसके साथ ही 24 वर्षीय भारतीय शटलर अगले राउंड में पहुंच गए। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले तरुण का अगला मुकाबला अब मलेशिया के जस्टिन होह से होगा। वहीं, विमिंस सिंगल्स में भारत की मालविका को निराशा हाथ लगी। उन्हें थाईलैंड की वर्ल्ड नंबर-4 खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-11, 21-15 से हराकर बाहर कर दिया।



भारतीय शटलर तरुण मन्नेपल्ली

# ड्रेपर ने जोकोविच को किया टूर्नामेंट से बाहर



जैक ड्रेपर

■ एजेंसियां, इंडियन वेल्स: मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी परिबा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 से हराया। हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 वर्षीय ड्रेपर इस जीत से क्वॉर्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका मुकाबला डेनियल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए।

### भांबरी पहली बार सेमीफाइनल में

भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी आंद्रे गोरानसन के साथ मिलकर बीएनपी परिबा ओपन टेनिस टूर्नामेंट मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह पहला अवसर है जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे। भांबरी और गोरानसन ने ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया।

**वर्ल्ड पैरा ऐथलेटिक्स ग्रां प्री**

### सुमित ने जीता गोल्ड, भारत ने किया क्लीन स्वीप

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: दो बार के पैरालिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल ने वर्ल्ड पैरा ऐथलेटिक्स ग्रां-प्री में मेंस जैवलिन थ्रो (एफ43, एफ44, एफ64) इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 69.25 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में भारत ने क्लीन स्वीप किया। पुष्पेंद्र सिंह ने (56.91 मीटर) ने सिल्वर और पूनम राम (49.48 मीटर) ब्रॉन्ज जीता। मेंस 400 मीटर टी13 इवेंट में सुबोध भट्ट ने 51.88 सेकंड के समय के साथ गोल्ड, प्रियांशु कौशिक ने सिल्वर और अवनिश कुमार ब्रॉन्ज हासिल किया। मेंस 400 मीटर टी46-टी47 इवेंट में भाविककुमार दीन भरवाड़ ने 49.89 सेकंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता।



सुमित अंतिल

# भारत के सामने आज होगा इटली का चैलेंज

■ एजेंसियां, हैदराबाद: भारतीय महिला हॉकी टीम आज FIH वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर के सेमीफाइनल में इटली की चुनौती का सामना करेगी। भारतीय टीम ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहते हुए पहले ही वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई कर चुकी है। ऐसे में अब टीम खिताब पर कब्जा जमाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने पूल-बी में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों में सात अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। स्कॉटलैंड के भी इतने ही अंक रहे, लेकिन बेहतर गोल औसत के कारण भारतीय टीम पहले स्थान पर रही। टीम ने पूल चरण में दो जीत दर्ज की, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा। दूसरी ओर, इटली पूल-ए में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारतीय टीम की फॉरवर्ड नवनीत कौर शानदार फॉर्म में हैं और अब तक चार गोल कर चुकी हैं।

**हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर**



भारत की फॉरवर्ड नवनीत कौर

**टेलिकास्ट:** शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स खेल और जियोहॉटस्टार पर

> वर्ल्ड कप 2026 में जगह बनाना इस टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, हम यहां सिर्फ क्वॉलिफाई करने नहीं आए हैं। हम मैच दर मैच प्रदर्शन में सुधार करके टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं। *- शोर्ड मारिन, हेड कोच, भारत*

# फेडेरिको की हैटट्रिक से रियाल मेड्रिड की जीत

■ एजेंसियां, मैड्रिड: फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैटट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री-क्वॉर्टर फाइनल के पहले राउंड के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराया। दोनों के बीच खेला गया यह मुकाबला 'क्लैश ऑफ टाइटंस' माना जा रहा था, लेकिन वाल्वरडे की बदौलत मैड्रिड ने मैच एकतरफा जीत।

वाल्वरडे ने बर्नाबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। खास बात यह रही कि वाल्वरडे ने चोटिल किलियान एम्बाप्पे, जूड बेलिंघम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में बड़ी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा, 'हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें।' यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनिसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए।



फेडेरिको वाल्वरडे (बीच में) हैटट्रिक का जश्न मनाते हुए

**PSG और बोडो भी जीते:** चैंपियंस लीग के अन्य मैच में पेरिस सेंट जर्मेन (PSG) और बोडो ग्लिम्ट ने भी जीत दर्ज की। PSG ने चेल्सी को 5-2 से हराकर पिछले साल क्लब वर्ल्ड कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता किया। PSG के लिए ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने दो गोल किए।

## 12 राशियां और आपका दिन



ARIES 21 Mar - 19 Apr

TAURUS 20 Apr - 19 May

GEMINI 21 May - 21 Jun

CANCER 22 Jun - 22 Jul

LEO 23 Jul - 22 Aug

VIRGO 23 Aug - 22 Sep

LIBRA 23 Sep - 22 Oct

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb

PISCES 19 Feb - 20 Mar

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

### कल का पंचांग
(शनिवार, 14 मार्च 2026)

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 4 | 1 | | 9 |
| | | 3 | 6 | | | | | |
| 4 | | | | | | 1 | | 3 |
| 7 | | 5 | 1 | | 2 | | 8 | |
| | | | | 7 | | | | |
| | 1 | | 9 | | 5 | 6 | | 7 |
| | 6 | | 3 | | | | | 2 |
| | | | | | 8 | 3 | | |
| 8 | | 7 | 2 | | | | | 1 |

### TELEVISION



big magic

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP13 User: cci Time: 03-12-2026 22:01 Color:






# अमेरिकी जहाज़ पर हमला, भारतीय की मौत

## इराक तट और होर्मुज जलडमरूमध्य में कई देशों के जहाज़ों पर हुए हमले | ईरान ने कहा, बिना उसकी अनुमति के गुजरने वाले जहाज़ निशाने पर रहेंगे

■ एएफपी, बगदाद

**पश्चिम एशिया** में जारी युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र में समुद्री रास्ते अब सीधे टकराव का मैदान बनते जा रहे हैं। इराक के तट से लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य तक बुधवार-गुरुवार को कम से कम तीन बड़े जहाजों पर हमले हुए। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, कई जहाजों को नुकसान पहुंचा और सैकड़ों नाविकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए।

सबसे गंभीर घटना इराक के तट से करीब 50 किलोमीटर दूर दो ऑयल टैंकरों पर हमले की रही। इराक की जनरल कंपनी फॉर पोर्ट्स के अधिकारी के मुताबिक, हमले में एक भारतीय क्रू सदस्य की मौत हुई, जबकि जहाजों पर मौजूद कुल 51 कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। भारत के दूतावास ने भी भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि 15 अन्य भारतीय क्रू मेंबरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

इराक की तेल एजेंसी के अनुसार, हमला जिन जहाजों पर हुआ, इनमें माल्टा का झंडा लिए Zefyros और मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला Safesea Vishnu शामिल हैं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) ने दावा किया कि उसने Safesea जहाज को निशाना बनाया क्योंकि वह चेतावनी के बावजूद आगे बढ़ रहा था।

> कई देशों के कार्गो और टैंकर जहाज क्षतिग्रस्त, तेल सप्लाई पर असर का खतरा

इसी दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में भी कई जहाजों पर हमले की खबर सामने आई। भारत के गुजरात के कांडला पोर्ट की ओर जा रहा थाई कार्गो जहाज Mayuree Naree ईरानी प्रोजेक्टाइल हमले में आग की चपेट में आ गया। जहाज पर 23 क्रू मेंबर थे, जिनमें से 20 को ओमान की नौसेना ने बचा लिया, जबकि तीन नाविकों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस हमले के अलावा जापान के झंडे वाला कंटेनर जहाज 'वन मेजेस्टी' और मार्शल आइलैंड्स का बल्क कैरियर 'स्टार ग्विनथ' भी प्रोजेक्टाइल हमलों से क्षतिग्रस्त हुए।



AP

ईरान के हमले के बाद इराक के बसरा के पास पोर्ट में हुए हमले के बाद तेल टैंकर में आग लगी।

### क्यों अहम है होर्मुज जलडमरूमध्य

- दुनिया के करीब 20% कच्चे तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है
- रोजाना लगभग 2 करोड़ बैरल तेल का ट्रांजिट
- खाड़ी के प्रमुख तेल निर्यातक देशों का मुख्य समुद्री रास्ता

### ईरान ने अब जहाजों पर दी सख्त चेतावनी

- ईरान ने कहा कि बिना उसकी अनुमति के गुजरने वाले जहाज निशाने पर होंगे
- अगर उसके बंदरगाहों पर हमला हुआ तो क्षेत्र के अन्य बंदरगाह भी निशाना बन सकते हैं
- कई जहाजों को निशाना बनाया

### तेल बाजार और व्यापार पर दबाव

- होर्मुज में तनाव से तेल सप्लाई प्रभावित होने का खतरा
- इराक जैसे देशों के लिए चिंता, जहां सरकारी बजट का करीब 90% तेल से आता है
- अंतरराष्ट्रीय कंपनियां, जहाज खाड़ी मार्ग से गुजरने में सतर्क

### जहाजों ने बदला रास्ता

हमलों के बाद कई जहाजों ने होर्मुज की ओर जाने से बचना शुरू कर दिया है। चीन का 'Hailan Journey' नाम का कार्गो जहाज भी हमले की खबर मिलने के बाद रास्ता बदलकर यूएई के तट की ओर लौट गया। वहीं, भारत सरकार ने कहा कि जहाजों को निशाना बनाना, नागरिक नाविकों की जान खतरे में डालना स्वीकार्य नहीं है।




होर्मुज स्ट्रेट में आग के बाद जलता दिखा थाईलैंड का शिप मयूरी नारी।

## टैंकर से शिप... सभी पर हमले

युद्ध के बीच फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा तेजी से बिगड़ी है। 1 मार्च से अब तक अलग-अलग घटनाओं में 15 से ज्यादा जहाजों और समुद्री वेसल को प्रोजेक्टाइल, ड्रोन या विस्फोट से निशाना बनाया गया।

**1 मार्च: तीन जहाजों पर हमला**
- मार्शल आइलैंड्स के क्रूड टैंकर MKD VYOM पर ओमान तट के पास प्रोजेक्टाइल लगा। Hercules Star ऑयल बंकरिंग टैंकर को यूएई के पास निशाना बनाया गया। Skylight टैंकर पर होर्मुज में हमला हुआ।

**2 मार्च: बहरीन में हमला**
- अमेरिकी झंडे वाले प्रोडक्ट टैंकर Stena Imperative पर बहरीन बंदरगाह में दो प्रोजेक्टाइल लगे। जहाज में आग लगी और क्रू को जहाज छोड़ना पड़ा।

**3 मार्च: दो जहाज क्षतिग्रस्त**
- यूएई के फुजैरा पोर्ट से 7–10 मील दूर Libra Trader (मार्शल आइलैंड्स) और Gold Oak (पनामा) को मामूली नुकसान हुआ।

**4 मार्च: कंटेनर शिप पर हमला**
- माल्टा झंडे वाले कंटेनर जहाज Safeen Prestige पर ओमान के पास प्रोजेक्टाइल हमला हुआ, जिसके बाद क्रू ने जहाज छोड़ दिया।

**5 मार्च: इराकी पोर्ट पर धमाका**
- क्रूड टैंकर Sonangol Namibe इराक के खोर अल जुबैर पोर्ट के पास विस्फोट से क्षतिग्रस्त हुआ।

**6-7 मार्च: कई समुद्री घटनाएं**
- होर्मुज में एक टगबोट पर प्रोजेक्टाइल हमला और सऊदी अरब के जुबैल तट के पास एक जहाज पर संभावित ड्रोन हमला रिपोर्ट हुआ।

**11 मार्च: एक दिन में कई हमले**
- एक ही दिन में कई जहाज निशाने पर आए–Mayuree Naree, One Majesty, Star Gwyneth, तथा फ्यूल टैंकर Safesea Vishnu और Zefyros।

**होर्मुज पार कर मुंबई पहुंचा पहला क्रूड टैंकर**

## सऊदी से 1.35 लाख टन कच्चा तेल जहाज़ से भारत लाया गया

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**ईरान और** अमेरिका-इस्राइल टकराव के बीच जब होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हमलों और पाबंदियों से शिपिंग लगभग ठप हो गई थी, इसी दौरान भारत के लिए राहत की खबर आई। सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर आने वाला पहला जहाज मुंबई बंदरगाह पहुंच गया। ANI की रिपोर्ट के अनुसार, लाइबेरिया के झंडे वाला Shenlong Suezmax टैंकर 1,35,335 मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर बुधवार को मुंबई पहुंचा। यह युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज पार कर भारत पहुंचने वाला पहला क्रूड टैंकर माना जा रहा है। जहाज पर कुल 29 क्रू सदस्य थे। इनमें भारतीय, पाकिस्तानी और फिलिपींस के नाविक शामिल हैं। जहाज के कप्तान भारतीय हैं।

संघर्ष के कारण इस मार्ग से जहाजों की आवाजाही काफी प्रभावित हुई है, जिससे भारत को रूस जैसे अन्य स्रोतों से तेल खरीदने की कोशिश करनी पड़ रही है। शिपिंग मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के कारण 28 भारतीय जहाज प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय जहाजों और क्रू की सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा रही है।

AP




**भारत को बड़ी राहत...** जंग के बीच होर्मुज पार कर मुंबई पहुंचा भारत के लिए तेल लाया जहाज।

### क्यों बंद किया गया ट्रैकिंग सिस्टम

- जहाज ने होर्मुज के हिस्से में AIS ट्रांसपोंडर बंद कर दिया
- AIS जहाज की लोकेशन, स्पीड और पहचान प्रसारित करता है
- टकराव रोकने और नेविगेशन के लिए यह सिस्टम जरूरी है
- हाई-रिस्क जोन में कई जहाज सुरक्षा कारणों से इसे अस्थायी रूप से बंद कर देते हैं

### भारत की ऊर्जा सप्लाई के लिए क्यों अहम

- भारत के करीब 40% कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से
- दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है भारत
- होर्मुज से रोजाना 2 करोड़ बैरल से ज्यादा तेल गुजरता है
- भारत अपनी जरूरतों का करीब 88 प्रतिशत तेल विदेशों से आयात करता है

### खाड़ी क्षेत्र में भारतीय जहाजों की स्थिति

- खाड़ी क्षेत्र में 28 भारतीय झंडे वाले जहाज
- इनमें 778 भारतीय नाविक हैं
- 24 जहाज होर्मुज के पश्चिम में (677 नाविक)
- 4 जहाज पूर्वी हिस्से में (101 नाविक)
- भारत सरकार ने 24 घंटे कंट्रोल रूम बनाया



*₹ 10.99 lakh for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹ 3.99/km (subject to financier terms). Taxes and statutory charges are extra. Visit dealership for full T&Cs. | *As certified by Kantar IMRB for an OEM platform for end-to-end usage as on November 28, 2025. | *543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. | *ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. | *Always wear your seatbelt. | *Mentioned ownership plan is for e VITARA Delta variant. Calculation is done assuming vehicle is running 60 km per day, excluding charging cost. Valid on retail sales for the e VITARA till 31st March '26, capped at 1 000 units of electricity (kWh) per customer or 1 Year from the purchase of the vehicle, whichever is earlier. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an Insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years/1 00 000 km with an option of extending the same on payment basis to 5 years/1 40 000 km and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 03-12-2026 22:13 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज ही हुई थी यूरेनस ग्रह की खोज

आज ही के दिन 1781 में जर्मन-ब्रिटिश खगोलशास्त्री विलियम हर्शेल (William Herschel) ने टेलीस्कोप से आकाश देखते समय यूरेनस को देखा। पहले उन्हें लगा कि यह कोई धूमकेतु है, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने पाया कि यह सौरमंडल का एक नया ग्रह है। इससे पहले सिर्फ छह ग्रहों का ही पता था। इस खोज से पता चला कि सौरमंडल हमारी सोच से कहीं बड़ा है और खगोल विज्ञान में नए शोध का रास्ता खुला।


# NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर

शुक्रवार, 13 मार्च 2026


### मंगल-चांद पर होंगे स्थायी ठिकाने

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में बेहद शक्तिशाली टेलीस्कोप दूर-दराज ग्रहों का वातावरण तक समझ सकेंगे और शायद दूसरे ग्रहों पर जीवन के संकेत भी मिल जाएं। चंद्रमा या मंगल पर इंसानों के स्थायी ठिकाने बन सकते हैं। AI अरबों अंतरिक्ष डेटा को समझकर नई खोजों को तेज बनाएगा। वहीं अंतरिक्ष टूरिज्म भी आम हो सकता है, जहां लोग अंतरिक्ष स्टेशन या चंद्रमा तक घूमने जाने लगें। इससे इंसान की ब्रह्मांड को लेकर सोच पूरी तरह बदल सकती है।



AI Images

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 फरवरी में महंगाई दर?
A. 3.21% B. 4.21% C. 5.21%

2 सरिस्का बाघ अभयारण्य में तीन शावकों के जन्म के साथ बाघों की कुल संख्या कितनी हुई?
A. 45 B. 53 C. 63

3 सरकार की किस एजेंसी ने दूध के कारोबार के लिए लाइसेंस जरूरी बनाया?
A. FSSAI B. CSIR C. BIS

4 सिविल सर्विस एग्जाम 2025 में टॉप करने वाले अनुज अग्निहोत्री ने को कितने प्रतिशत नंबर मिले?
A. 52.88% B. 78.88% C. 88.88%

5 अमेरिका ने भारत सहित कितने देशों की औद्योगिक प्रथाओं की जांच शुरू की है?
A. 11 देश B. 16 देश C. 18 देश

**कल के जवाब**

A1 B. रिलायंस A2 A. ध्वनि मत A3 A. रूस A4 C. राजसमा A5 B. कैरोलिन लेविट

**लकी विनर्स**



1. सोनाक्षी भाटी, दयालपुर, नई दिल्ली
2. नमन सक्सेना, साहिबाबाद
3. शेखर शर्मा, मादीपुर, दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## UPSC के OBC कैंडिडेट्स को SC से राहत

# क्रीमी लेयर तय करने में पैरेंट्स का पद भी अहम

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: एक महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर के निर्धारण में माता-पिता के पद और उनके सामाजिक-प्रशासनिक दर्जे को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। अदालत ने केंद्र सरकार की अपीलों को खारिज करते हुए कई UPSC उम्मीदवारों को राहत दी, जिन्हें गलत तरीके से OBC क्रीमी लेयर मानकर नियुक्ति से रोक दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने 11 मार्च को दिए अपने अहम आदेश में कहा कि किसी उम्मीदवार को OBC की क्रीमी लेयर या नॉन-क्रीमी लेयर में रखा जाएगा या नहीं, यह केवल उसकी आय के आधार पर तय नहीं किया जा सकता।

बेंच ने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें नॉन-क्रीमी लेयर से बाहर करने के लिए आय/संपत्ति आधारित परीक्षण का गलत इस्तेमाल किया, जबकि यह तय करने के लिए कि उम्मीदवार OBC क्रीमी लेयर में आता है या नहीं, निर्धारित स्थिति-आधारित मानदंड लागू किया जाना चाहिए था।

यह मामला सिविल सेवा परीक्षा के उन उम्मीदवारों से जुड़ा था, जिन्होंने OBC नॉन-क्रीमी लेयर श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा किया था। उनकी पात्रता की जांच करते समय Department of Personnel and Training ने माता-पिता की सैलरी को देखते हुए उन्हें क्रीमी लेयर में शामिल किया। कई उम्मीदवारों के माता-पिता सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs), बैंकों या इसी तरह के संगठनों में कर्मचारी थे। सरकार ने 14 अक्टूबर 2004 के एक स्पष्टीकरण पत्र पर भरोसा किया, जिसमें कहा गया था कि जहां PSU के पदों और सरकारी पदों के बीच समानता तय नहीं की गई हो, वहां आय/संपत्ति परीक्षण के तहत सैलरी आय को अलग से माना जा सकता है। इसी आधार पर, जिन उम्मीदवारों के माता-पिता की आय निर्धारित सीमा से अधिक थी, उन्हें OBC आरक्षण लाभ से वंचित कर दिया गया।



### केंद्र की याचिका खारिज

उम्मीदवारों ने नियुक्ति रोके जाने के बाद केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) के अलावा मद्रास, दिल्ली और केरल HC में चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि केवल आय परीक्षण लागू करना 1993 के Office Memorandum के खिलाफ है, जिसमें क्रीमी लेयर तय करने के लिए माता-पिता की सैलरी को शामिल नहीं किया गया था। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता उम्मीदवारों के फेवर में फैसला दिया, जिसे केंद्र ने SC में चुनौती दी थी, जो खारिज हो गई।

## UPSC में अटेंप्ट की अर्ज़ी खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन 2026 से संबंधित उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कोविड के कारण अंतिम अवसर खो देने वाले अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त प्रयास और आयु-सीमा में छूट देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की दलील थी कि वह एक सिविल सेवा अभ्यर्थी और कोविड योद्धा है। वर्ष 2021 में उन्हें ड्यूटी के कारण परीक्षा देने के लिए छुट्टी नहीं मिली। इस कारण उनका अंतिम प्रयास छूट गया।

> याचिकाकर्ता ने कोविड के कारण अंतिम अवसर खो दिया था।

उन्होंने एक बार के लिए अतिरिक्त प्रयास देने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि याचिकाकर्ता ने लगभग 5 साल बाद अदालत का रुख किया, जो काफी देर से उठाया गया कदम है। इस पर हस्तक्षेप उचित नहीं है।

## मूसेवाला हत्याकांड में दो को ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में दो आरोपियों पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को जमानत दे दी। यह आदेश जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच ने दिया। मामले में पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसे आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोपियों को जमानत देने से पहले चश्मदीद गवाहों के बयान दर्ज होने का इंतजार करना उचित होगा। पवन के वकील अभय कुमार ने कोर्ट में तर्क दिया कि पवन बिश्नोई का नाम केवल लॉरेंस बिश्नोई से मिलता-जुलता है, इसके अलावा दोनों के बीच कोई संबंध नहीं है।



मूसेवाला

## मेघालय के पश्चिम गारो में आगजनी के बाद तनाव, कर्फ्यू

■ भाषा, शिलांग/इंफाल : मेघालय के पश्चिम गारो पर्वतीय जिले में बुधवार को रातभर हुई आगजनी और लूटपाट की घटनाओं के बाद गुरुवार सुबह हालात तनावपूर्ण रहे। अधिकारियों ने बताया कि तुरा शहर के कई इलाकों में लोगों ने पूरी रात पहरा दिया। अफवाहों को रोकने और कानून-व्यवस्था के लिए सरकार ने गारो पर्वतीय क्षेत्र के पांच जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी हैं। पश्चिमी गारो पर्वतीय जिले में कर्फ्यू गुरुवार आधी रात तक बढ़ाया गया। वहीं, मणिपुर के उखरूल में कुकी समुदाय के ग्रामीणों और हथियारबंद लोगों द्वारा बंधक बनाए गए 21 तंगखुल नगा लोगों को वार्ता के बाद गुरुवार तड़के छोड़ दिया गया।

> तुरा के कई इलाकों में लोगों ने पूरी रात पहरा दिया।

## एयरफोर्स चीफ ने MiG-29 में भरी ऑपरेशनल उड़ान

एयर चीफ मार्शल ने अग्रिम मोर्चे पर तैनात यूनिट की ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लिया।

एयरक्रू, तकनीशियनों और ग्राउंड स्टाफ से भी बातचीत की।



- भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक फॉरवर्ड एयरबेस से MiG-29 फाइटर जेट पर ऑपरेशनल फॉर्मेशन उड़ान भरी।
- इस फॉर्मेशन का नेतृत्व फ्लाइट लेफ्टिनेंट परविंदर सिंह ने किया।
- उड़ान के बाद रनवे के ऊपर फॉर्मेशन ने एक स्मार्ट पील-ऑफ मनुवर (manoeuvre) भी किया, जिसने स्क्वाड्रन की सटीक उड़ान क्षमता और उच्च स्तर की ऑपरेशनल ट्रेनिंग का प्रदर्शन भी किया।

## मां-बाप बना सकेंगे छोटे बच्चों का वट्सऐप खाता



AI Image

■ भाषा, नई दिल्ली : मेटा के स्वामित्व वाले वट्सऐप ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अभिभावक नियंत्रित खाते शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत अभिभावकों की कड़ी निगरानी में छोटे बच्चों को इस मंच का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम वट्सऐप की नीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

## JEE मेनः एक और मौका मिलेगा सेशन 2 के लिए



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : JEE Main के दूसरे सेशन की परीक्षा के लिए आवेदन का एक और मौका दिया गया है। NTA ने छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन ऐप्लीकेशन पोर्टल को 13 मार्च रात 9 बजे तक के लिए री-ओपन किया है। रात 11.50 तक ऑनलाइन फीस पेमेंट कर सकते हैं।

## UPSC टॉपर से इंटरव्यू में 94 लोग आगे

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सिविल सर्विस एग्जाम में टॉप करने वाले अनुज अग्निहोत्री ने 52.88% नंबरों के साथ टॉप किया। उनको लिखित परीक्षा में सबसे ज्यादा 867 नंबर मिले और इंटरव्यू में 204 नंबर। यानी कुल 1071 नंबर पाए। लिखित में तो अनुज ने चुने गए 958 उम्मीदवारों में से सबसे ज्यादा स्कोर किया है, लेकिन इंटरव्यू में उनसे ज्यादा नंबर पाने वाले करीब 94 उम्मीदवार हैं। इंटरव्यू में सबसे ज्यादा नंबर पाने वाली तेजस्विनी सिंह हैं, जिन्हें 225 नंबर मिले और कुल 1007 नंबरों के साथ उनकी 62वीं रैंक आई। लिखित परीक्षा 1750 और इंटरव्यू 275 नंबरों का होता है और इस तरह से परीक्षा की मेरिट कुल 2025 नंबरों में से तय की जाती है।



File

टॉपर अनुज अग्निहोत्री

### इंटरव्यू में किसे कितना मिला...

इंटरव्यू में तेजस्विनी सिंह के बाद 222वीं रैंक हासिल करने वाली अंजना बी और 644वीं रैंक पाने वाली अनीता ने 220 नंबर हासिल किए। इंटरव्यू की मेरिट में तीसरे नंबर पर सौरभ शर्मा (218) हैं, जिनकी 146वीं रैंक है और कुल स्कोर 990 है। उसके बाद सबसे ज्यादा नंबर हासिल करने वाले कोमल माथी हैं, जिन्हें इंटरव्यू में 216 नंबर मिले हैं और उनका स्कोर 972 है।

## आंध्र में मिलावटी दूध से मरने वालों की संख्या 13 हुई

■ भाषा, आंध्र प्रदेश : राज्य के पूर्वी गोदावरी जिले में संदिग्ध रूप से मिलावटी दूध पीने के कारण मरे गए लोगों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। 7 अन्य लोगों का राजमहेंद्रवरम के अस्पतालों में इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस मामले का पता सबसे पहले 22 फरवरी को चला था, जब कई बुजुर्ग अस्पतालों में भर्ती कराए गए।



AI Image

## सरिस्का में तीन बाघ शावकों ने लिया जन्म

■ भाषा, जयपुर : राजस्थान के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे यहां बाघों की कुल संख्या 53 हो गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कैमरे में कैद तस्वीरों और विडियो में सरिस्का के अकबरपुर रेंज में बाघिन एसटी-17 को तीन शावकों के साथ देखा गया है। बाघिन और शावकों की हलचल सामान्य लग रही है।



File



भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है। IRA 2026 बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां। **सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।** हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। **आज ही रजिस्टर करें।** वॉट्सऐप नंबर -7003890071




Aditya
BUILDING TRUST SINCE 1979

COLLECTION ACCOUNT DETAILS:
NAME: AAPL PROJECTS PVT. LTD.
BANK NAME: PUNJAB & SIND BANK

# The kutumb
BY ADITYA

## LIVE IN THE SKY

- SKY WALK
- JOGGING TRACK
- OPEN-AIR GYMNASIUM
- ROOFTOP RESTAURANT
- DEDICATED KIDS PLAY AREA




**ONLY 432 UNITS | 4 TOWERS | 5.5 ACRES**

**LIMITED EDITION 4 BHK+UTILITY HOMES**

A MASTERPIECE THAT MATURES IN VALUE EVERY PASSING DAY

YOUR JOURNEY BEGINS WITH GRANDEUR



SWIMMING POOL & WATER BODIES



TERRACE ON FIRST FLOOR



**WORLD-CLASS AMENITIES FOR AN AMPLIFIED LIFE**

- Swimming Pool
- Kids play area
- Business center
- Badminton Court
- Water Bodies
- Amphitheatre
- Banquet Hall
- Temple
- Cafe
- Gym

And Many More...

T&C APPLY*

Visit Sales gallery, Gate No. 2, Aditya World City
www.agarwalassaciatesgroup.com

+91 8377005001, 9513369818

PROJECT FINANCED BY

Disclaimer: This advertisement is not a legal offering and purely conceptual in nature and includes graphical/artistic representation of the project which does not purport to be the exact replica or representation of the Project. Vide this advertisement, the Company does not intend to offer or invite to offer any person to create any legal or contractual relationship. The content in this advertisement including the building, elevation, areas, designs, layouts, specifications, amenities, facilities etc. are merely indicative and artistic in nature and may be in variance with the actual site. The Company advises the viewer to exercise their own discretion. The viewer/prospective buyer may seek all information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifications, facilities, amenities & scheme details from the Company in respect of the concerned project/phase that he/she may be interested in, before proceeding with any such booking/registration etc. Furnitures and Fixtures shown in the advertisement will not be part of the actual flat. PS : 1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft. = 1.196 Sq. Yards. T&C Apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 03-12-2026 21:59 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 13 मार्च 2026 > फाल्गुन 22, शक संवत 1947, चैत्र कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 61 > पेज 20* > गुड़गांव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू



मैं ठीक हूं, अल्लाह ने मुझे बचा लिया : फारूक ▶p5

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

हंसिका मोटवानी का तीन साल बाद तलाक ▶गुड़गांव टाइम्स



**मुकद्दस रमज़ान**
इफ्तार शुक्रवार
सुन्नी 6:27 pm
शिया 6:40 pm
सहरी शनिवार
सुन्नी 5:16 am
शिया 5:04 am

**हैपी मॉर्निंग**
पापा : बेटा, पढ़ाई कैसी चल रही है?
बेटा : आपके बिजनेस की तरह।
पापा : मतलब?
बेटा : बस निवेश बहुत है, फायदा अभी तक नहीं आया।

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,034.42 (-829.29) |
| निफ्टी | 23,639.15 (-227.70) |
| रु/यूएस डॉलर | 92.35 (+0.42) |
| रु/यूरो | 106.61 (-0.3414) |

स्रोत: रिज़र्व बैंक रेफरेंस रेट

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,65,200 (-400) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,76,500 (+1,500) |

**मौसम**
अधिकतम तापमान 35.8°
18.2° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 6:28 शुक्रवार | सूर्योदय 6:32 शनिवार
हल्के बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 34 डिग्री रह सकता है।

*16 + 4 GurgaonTimes

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर का आया पहला बयान | कहा- बंद रहेगा होर्मुज़ का रास्ता, खून का बदला लेंगे | केंद्र ने केरोसिन, कोयले के इस्तेमाल की दी छूट

# नाकाबंदी-हमले जारी रहेंगे: खामेनेई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ईरान के** सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह मोजतबा खामेनेई ने कहा कि पड़ोसी देशों में US बेस पर हमले जारी रहेंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा। शहीदों के खून का बदला लेंगे। शीर्ष पद संभालने के बाद उनका यह पहला बयान था। इसे सरकारी टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा। खामेनेई कैमरे पर नहीं दिखे।

उधर, तेल और गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को संसद में कहा कि पर्यावरण मंत्रालय ने राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स को सलाह दी है कि वे होटलों और रेस्तरां को एक महीने के लिए केरोसिन और कोयले का इस्तेमाल करने दें। तेल कंपनियां कमर्शल LPG की औसत मासिक जरूरत के 20% के बराबर LPG जारी कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन भेजा गया। शहरी क्षेत्रों में सिलिंडर बुकिंग 25 दिन करने के बाद ग्रामीण इलाकों के लिए बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया है।

PTI



**पश्चिम एशिया में युद्ध** के बीच सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर जहाज मुंबई पहुंचा। संघर्ष के बीच यह भारत आने वाला पहला जहाज है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरा है।

Surender Kumar



**दिल्ली में कानून** व्यवस्था बनाए रखने के लिए गैस गोदाम और एजेंसियों के पास पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## ईरान से जयशंकर की 3 बार बात



एस. जयशंकर

**पश्चिम एशिया** संकट के बीच भारत ने ईरान से हाल के दिनों में तीन बार बात की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बीच बात हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि आखिरी बातचीत में समुद्री जहाजों की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। भारतीयों की निकासी को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। जयशंकर ने गुरुवार को इंडोनेशिया के विदेश मंत्री से पश्चिम एशिया संघर्ष पर बात की।

**युद्ध अपडेट**

- इस्राइल का दावा, ईरान के न्यूक्लियर प्रोजेक्ट तालेघन साइट पर हमला किया। बेरूत में ईरान के ऑपरेशन कमांडर को खत्म किया।
- इराक में इजरायली ठिकानों पर मिसाइलों से हमले में नुकसान।
- खाड़ी देशों ने युद्ध के बीच तेल उत्पादन में प्रतिदिन 10 मिलियन बैरल कटौती की है।

**गैस इफेक्ट**

- दिल्ली में कैटरिंग कारोबारी नए ऑर्डर लेने से बच रहे। फुटपाथ पर छोले-भटूरे बेचनेवालों को नहीं मिल रहा कमर्शल सिलिंडर।
- देश के कई हिस्सों में सिलिंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए टीमें बनाई गई हैं।
- पटना में LPG सिलिंडर डिलिवरी बॉय पर FIR दर्ज हुई। ▶▶ पेज 5

बाइक रैली में आ रही हैं आप?
अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर NBT गुड़गांव में लाया है आपके लिए ऑल वुमन बाइक रैली में शामिल होने का मौका। आज ही करा लें रजिस्ट्रेशन।
▶▶ देखें गुड़गांव टाइम्स
ऐसे बनें हिस्सा
7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें
जगह
लेजर वैली, कंक्रीट पार्किंग, सेक्टर-29, गुड़गांव
तारीख
संडे, 22 मार्च 2026
NBT ALL WOMEN BIKE RALLY 2026

## फटाफट खबरें

### दूध कारोबार के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी

फूड रेगुलेटर FSSAI ने डेरी कोऑपरेटिव सोसायटी के सदस्यों को छोड़कर, सभी दूध प्रोड्यूसर और वेंडर के लिए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट लेना जरूरी कर दिया है। देशभर में मिलावट की खबरों के बीच यह फैसला लिया गया।

### चारधाम: अब दिन में पूजा नहीं सिर्फ दर्शन

उत्तराखंड में 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में भीड़ प्रबंधन के लिए बदलाव हुए हैं। नई व्यवस्था के तहत इस बार दिन में श्रद्धालु मंदिरों में केवल दर्शन कर सकेंगे। पूजा-अनुष्ठान की अनुमति नहीं होगी।

# सिर्फ आमदनी के आधार पर तय नहीं कर सकते क्रीमी लेयर: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ओबीसी के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर सिर्फ माता-पिता की आय के आधार पर तय नहीं हो सकता है। 11 मार्च के आदेश में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि माता-पिता के पद, सामाजिक-प्रशासनिक दर्जे भी ध्यान में रखना होगा। कोर्ट ने केंद्र की अपील खारिज कर यूपीएससी उम्मीदवारों को राहत दी, जिन्हें गलत तरीके से OBC क्रीमी लेयर मान नियुक्ति नहीं दी गई थी।



> कोई उम्मीदवार OBC की क्रीमी लेयर या नॉन-क्रीमी लेयर में रहेगा या नहीं, यह केवल उसकी आय के आधार पर तय नहीं हो सकता। -सुप्रीम कोर्ट

**कोर्ट ने कहा- परीक्षण का हुआ गलत इस्तेमाल**

जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि अधिकारियों ने उम्मीदवारों को नॉन-क्रीमी लेयर से बाहर करने के लिए आय/संपत्ति आधारित परीक्षण का गलत इस्तेमाल किया। इसमें निर्धारित स्थिति-आधारित मानदंड लागू करना चाहिए था।

## बदायूं में HPCL के 2 अधिकारियों की दिनदहाड़े हत्या

■ **NBT रिपोर्ट, मेरठ :** बदायूं में एचपीसीएल के प्लांट में घुसकर उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता (55) और असिस्टेंट सेल्स मैनेजर हर्षित मिश्रा (40) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात गुरुवार दोपहर की है। हत्या का आरोप प्लांट के पूर्व फेलोडर ऑपरेटर पर है। उसे ब्लैकलिस्ट कर नौकरी से निकाला गया था।

**प्लांट में घुसकर मारी गोली और हुआ फरार**

## भारत समेत 16 देशों के खिलाफ US की नई जांच

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**अमेरिका ने** भारत और चीन सहित 16 बड़े व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ नई जांच शुरू की है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने 11 मार्च को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, धारा 301 के तहत इन देशों की नीतियों और औद्योगिक प्रथाओं की जांच हो रही है। देखा जाएगा कि इनकी नीतियां और प्रथाएं अनुचित या भेदभाव वाली तो नहीं हैं? वे अमेरिकी व्यापार पर बोझ तो नहीं डालती हैं या उसे सीमित तो नहीं करती हैं? पिछले महीने ही अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भारत समेत कई देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया था। अब अमेरिका की नई जांच को व्यापार निगरानी में बड़ा कदम माना जा रहा है।



Lilly A MEDICINE COMPANY



मेरे वज़न को शर्मिंदगी की ज़रूरत नहीं।[1]
मुझे बस सही सहायता की ज़रूरत है।

हम अक्सर मोटापे या वज़न से जुड़ी समस्याओं को जीवनशैली से जुड़ी समस्या या व्यक्तिगत हार मान लेते हैं।
मोटापा एक क्रॉनिक बीमारी है,[2] और हमारे नियंत्रण से परे हॉर्मोन्स, जिनेटिक्स और मेटाबॉलिज़्म से जुड़े कारण, वज़न घटाने में बायोलॉजिकल रज़िस्टेंस, यानि मुश्किल पैदा कर सकते हैं।[3,4]
अगर आपको लगता है कि कोई चीज़ आपको रोक रही है, तो हो सकता है कि आपके सभी प्रयासों के बावजूद आपका शरीर वज़न घटने का विरोध कर रहा हो।[5,6]
किसी योग्य डॉक्टर से वज़न घटाने के बारे में बात करें।[6,7]

मोटापा एक बीमारी है।[2] | आज ही डॉक्टर से सलाह लें![6,7]

ObesityIsADisease.in

PP-LLY-IN-0001 | 30-1-2026
© 2025 Eli Lilly and Company | Issued in Public Interest by Lilly, India
Disclaimers: The content provided herein is intended solely for health awareness and educational purposes and should be used responsibly and ethically. The content does not promote, advertise, or endorse any specific product, treatment or brand and is solely intended to raise awareness. The content is not a substitute for medical advice, diagnosis or treatment nor should it be construed as medical guidance or a treatment recommendation. Always consult a qualified healthcare professional before making any health-related decisions. While every effort has been made to ensure accuracy of this content, medical knowledge and guidelines are continually evolving. Eli Lilly makes no representations or warranties regarding the completeness or accuracy of this content and shall not be liable for any consequences, losses, injuries or damages, direct or indirect, arising from the use, misuse, misinterpretation or inaccurate application of such content. For adverse events and safety reporting, please reach out to: in_gpsl@lilly.com | For any additional information related to Lilly products, please reach out to: queries_in medinfo@lilly.com. | For further information about Lilly and Lilly products please contact us at the below address:
Eli Lilly and Company (India) Pvt. Ltd. Plot No.92, Sector 32, Institutional Area, Gurgaon-122001, Haryana, India Tel+91-124-4753000/01 www.lillyindia.co.in

References: 1. Holcombe, M. (2025, June 6). Weight stigma isn't just cruel — it makes losing weight harder. CNN. Retrieved from https://edition.cnn.com/2025/06/06/health/weight-loss-stigma-wellness | 2. World Health Organization. (2025, December 8). Obesity and overweight (Fact sheet). https://www.who.int/news-room/fact-sheets/detail/obesity-and-overweight | 3. MacLean PS, Bergouignan A, Cornier MA, Jackman MR. Biology's response to dieting: the impetus for weight regain. Am J Physiol Regul Integr Comp Physiol. 2011;301(3):R581–R600. doi:10.1152/ajpregu.00755.2010 | 4. Ochner CN, Barrios DM, Lee CD, Pi-Sunyer FX. Biological mechanisms that promote weight regain following weight loss in obese humans. Physiol Behav. 2013;120:106-113. doi:10.1016/j.physbeh.2013.07.009 | 5. Hall KD, Kahan S. Maintenance of lost weight and long-term management of obesity. Med Clin North Am. 2018;102(1):183-197. doi:10.1016/j.mcna.2017.08.012 | 6. Greenway FL. Physiological adaptations to weight loss and factors favouring weight regain. Int J Obes (Lond). 2015;39(8):1188-1196. doi:10.1038/ijo.2015.59 | 7. National Heart, Lung, and Blood Institute. Overweight and obesity: treatment. US Department of Health and Human Services. Updated March 24, 2022. Accessed October 8, 2024. https://www.nhlbi.nih.gov/health/overweight-and-obesity/treatment



# बोर्ड एग्ज़ाम में खुलकर नकल, चरखी दादरी का विडियो वायरल

## सीसीटीवी फुटेज में झुंड बनाकर चीटिंग करते दिखे स्टूडेंट्स

■ NBT न्यूज, भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (HBSE) की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान चरखी दादरी जिले के बाढड़ा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से गुरुवार को सामूहिक नकल का एक चौंकाने वाला विडियो वायरल हो रहा है। सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में परीक्षा की मर्यादा को ताक पर रखकर टीचरों के सामने बेखौफ होकर छात्र-छात्राएं नकल करते दिखे। बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने गुरुवार को कहा कि चरखी दादरी के परीक्षा केंद्र की विडियो फुटेज कंट्रोल रूम भेज दिया गया है। भविष्य की परीक्षाओं में नकल रोकने के मजबूत प्रबंध होंगे। सुरक्षा के घेरे को और कड़ा किया जाएगा ताकि मेधावी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।

पिछले दो दिनों की परीक्षाओं की सीसीटीवी (CCTV) फुटेज की बारीकी से जांच की गई। वीडियो रिकॉर्डिंग में साफ देखा जा सकता है कि छात्र कक्षा में ग्रुप में बैठकर एक-दूसरे की मदद से उत्तर लिख रहे हैं। परीक्षार्थी एक-दूसरे की उत्तर पुस्तिकाएं तक बदल रहे थे।



चरखी दादरी के बाढड़ा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को सामूहिक नकल का विडियो वायरल हुआ

■ वायरल विडियो में दिखा कि एक छात्रा सरेआम प्रश्न पत्र और अपनी उत्तर पुस्तिका लेकर परीक्षा कक्ष से बाहर निकलती दिखाई दी, जिसे रोकने की जहमत किसी ने नहीं उठाई।

हैरानी की बात यह है कि जिस समय यह सब चल रहा था, कमरे में मौजूद निरीक्षक मूकदर्शक बने आसपास घूम रहे थे। हद तो तब हो गई जब एक छात्रा सरेआम प्रश्न पत्र और अपनी उत्तर पुस्तिका लेकर परीक्षा कक्ष से बाहर निकलती दिखाई दी

विडियो सामने आने के बाद हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने सख्त रुख अख्तियार किया है। बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, इस पूरे मामले की गहन पड़ताल के लिए वीडियो फुटेज को भिवानी स्थित 'नियंत्रण कक्ष' (Control Room) भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी शिक्षकों और स्टाफ पर कार्रवाई होगी।

### 9 दिनों में नकल के करीब 200 केस

25 फरवरी से शुरू हुई इन परीक्षाओं में अब तक नौ दिन में नकल के करीब 200 मामले दर्ज किए जा गए। 9 मार्च को हुई 12वीं कक्षा की 'रसायन विज्ञान' और 'लेखांकन' (Accountancy) की परीक्षा को अनियमितताओं के चलते रद्द कर दिया गया है। 25-27 फरवरी को अंग्रेजी और गणित की परीक्षाओं में कुल 63 मामले दर्ज हुए। चरखी दादरी के रानीला केंद्र पर पेपर लीक होने की घटना सामने आई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कराई गई। 6 पर्यवेक्षकों को हटाया गया। 6-9 मार्च तक रसायन विज्ञान और लोक प्रशासन सहित अन्य विषयों में 48 मामले दर्ज किए गए। लापरवाही के कारण 8 पर्यवेक्षकों को रिलीव किया गया। 11 मार्च को कंप्यूटर विज्ञान की परीक्षा के दौरान चरखी दादरी के केंद्र पर छापेमारी हुई, जहां मोबाइल बरामद किए गए।

# मोरनी के जंगलों में गिरा आर्मी का ड्रोन



■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : भारतीय सेना का एक ड्रोन गुरुवार की शाम पंचकूला के निकट स्थित मोरनी के जंगलों में गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच सेना की टीम ने मौके पर पहुंचकर ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार सेना की भूड फायरिंग रेंज से गुरुवार की शाम को एक ड्रोन को नियमित अभ्यास के लिए उड़ाया गया। इसी दौरान यह ड्रोन कंट्रोल रूम के नियंत्रण से बाहर हो गया। कुछ समय बाद ड्रोन मोरनी खंड के गांव सूखा बास में ड्रोन गिर गया। ग्रामीणों ने ड्रोन गिरने की सूचना सरपंच को दी। सरपंच द्वारा सूचित करने पर मोरनी और पंचकूला पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान सेना की तरफ से भी पुलिस को ड्रोन गिरने की घटना के बारे में सूचित किया गया। सूचना मिलने के बाद सेना की टीम मौके पर पहुंची और ड्रोन के सभी टुकड़ों को बरामद करके कब्जे ले लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ड्रोन में उड़ान भरने के साथ ही तकनीकी खराबी आ गई जिससे उसका कंट्रोल टूट गया। आर्मी के जवान डैमेज ड्रोन को लेकर गए हैं। अभी स्थिति सामान्य है।

# जींद की CRSU में नंबरों से छेड़छाड़, तीन प्रोफेसरों समेत चार पर FIR

## मामले की जांच में कॉपियों में नंबर बदले पाए गए

■ NBT न्यूज, जींद




2024-25 में फाइन आर्ट्स के इंटरनल मार्क्स में यह गड़बड़ी मिली

जींद की चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी (सीआरएसयू) की फाइन आर्ट फैकल्टी में छात्रों के अंकों से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को छात्रा की शिकायत पर फैकल्टी के हेड समेत तीन प्रोफेसर तथा एक क्लर्क के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रोफेसर डॉ. अनुपम भाटिया ने कहा कि कोई अंक परिवर्तन नहीं हुआ है। अगर किसी छात्र को दिक्कत है तो वह विभागाध्यक्ष से मिल सकता है।

**प्रोफेसर ने कहा, नंबरों से छेड़छाड़ नहीं की गई, जिस छात्र को दिक्कत है, वह फैकल्टी हेड से मिल सकता है**

रिचा तथा कुछ अन्य छात्रों ने गुरुवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सीआरएसयू के सेशन 2024 और 25 में फाइन आर्ट के सेकंड ईयर के पहले सेमेस्टर के इंटरनल मार्क्स में भारी गड़बड़ी की गई है। इसी प्रकार हिस्ट्री के कुछ छात्रों के साथ हुआ है। आरोप है कि जिन छात्रों की उपस्थिति बहुत कम रही, उन्हें ज्यादा अंक दिए गए, जबकि ज्यादा उपस्थिति वाले छात्रों को कम नंबर दिए गए हैं। अंक देने में काफी भेदभाव किया गया। जिसमें रुपयों की लेनदेन भी रहा और सिफारिश भी रही है। कुलपति, रजिस्ट्रार और विभागाध्यक्ष से इसकी शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। राज्यपाल को भी शिकायत की गई। इसके बाद तत्कालीन विभागाध्यक्ष डॉ. जसबीर सूरा ने कार्रवाई करते हुए क्लर्क सुनीता को बदल दिया। मामले की जांच एडीसी को सौंपी गई। जांच के दौरान सहायक प्रोफेसर डा. ज्योति ने बताया था कि जो अंक उन्होंने दिए थे, वह डॉ. भावना ने बदल दिए।

छात्रों के नंबरों से छेड़छाड़ का मामला डीन कमिटी के सामने भी रखा गया था। विभाग के अध्यक्ष डा. जसबीर सूरा ने कहा कि नंबरों की लिस्ट उनके सामने पेश नहीं की गई। उन्होंने पहले से जांचे हुए कागजातों पर हस्ताक्षर किए हैं। उस दौरान अतिरिक्त कार्य देख रही डा. भावना ने बयान में कहा कि जो लिस्ट उन्हें डा. ज्योति ने दी थी, उस पर पहले फ्ल्यूड लगा हुआ है। जिसे अपलोड करने के लिए क्लर्क को दिया था।

क्लर्क सुनीता ने बताया कि डॉ. ज्योति ने अतिरिक्त प्रोफार्मा मांगा था। उन्होंने अपनी ड्यूटी करते हुए डॉ. ज्योति को दिया था। जब मुझे प्रोफार्मा मिला तो उस पर फ्ल्यूड लगा हुआ था। उन्होंने उसे बिना छेड़छाड़ के अपलोड कर दिया। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि अंक के साथ छेड़छाड़ की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन विभागाध्यक्ष डॉ. जसबीर सूरा, डॉ. अनुपम भाटिया, डॉ. भावना, क्लर्क सुनीता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

# क्रॉस वोटिंग का डर : MLA को संभालने में जुटी कांग्रेस

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : आगामी 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों की क्रॉस वोटिंग के डर से कांग्रेस उन्हें एकजुट करेगी। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को सभी विधायकों को लंच पर बुलाया है। चंडीगढ़ में राज्यसभा चुनाव के लिए मंथन के बाद सभी विधायक बस में सवार होकर शिमला जाएंगे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार रात्रि भोज हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की तरफ से दिया जाएगा। हरियाणा के सभी कांग्रेसी विधायक 16 मार्च को सीधे शिमला से आकर मतदान करेंगे। बीजेपी जहां गुजरात के डिप्टी सीएम को पर्यवेक्षक तैनात कर चुकी है, वहीं कांग्रेस ने अभी तक पर्यवेक्षक के नाम का ऐलान नहीं किया है। लंच से पहले हुड्डा कांग्रेस विधायक दल की बैठक लेंगे, जिसमें हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद, दोनों सह प्रभारी जितेंद्र बघेल और प्रफुल्ल गुड़धे तथा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी शामिल होंगे।

विधायक दल की बैठक से पहले हुड्डा ने गुरुवार को कहा कि बीजेपी फैसला कर ले कि उसके दो उम्मीदवारों में से कौन एक चुनाव जीतेगा।आईएनएलडी के कांग्रेस का समर्थन करने की संभावना नहीं है। कहा कि यह सब मीडिया के



हुड्डा ने कहा बीजेपी फैसला करे कि उसका कौन सा उम्मीदवार चुनाव जीतेगा

### कांग्रेस पर आरोप लगाने वाली महिला को निकाला

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने रेवाड़ी जिले की बावल विधानसभा सीट पर टिकट के लिए करीब सात करोड़ रुपये ऐंठने का आरोप लगाने वाली महिला कांग्रेस के महासचिव सुचित्रा देवी को पार्टी से निकाल दिया है। सुचित्रा देवी और उनके पति गौरव कुमार ने विडियो जारी कर आरोप लगाए थे।

पावन स्मृति



श्रीमती श्रीकान्ता जैन
(पत्नी स्व. श्री शान्ति प्रसाद जैन)
(1921-2012)

आपकी स्मृति, समर्पण, त्याग, धैर्य, सादगी, स्नेह, गौरवशाली जीवन सदैव हमारे हृदय में रहेंगे।

अनिल कुमार जैन • प्रफुल्ल कुमार जैन
प्रमोद कुमार जैन • अल्का जैन (पत्नी स्व. श्री सुनील कुमार जैन)
एवम् समस्त परिवार

राजवैद्य
राजवैद्य शीतल प्रसाद एण्ड संस
आलोक फार्मास्युटिकल एण्ड इण्डस्ट्रियल कं० प्रा० लिमिटेड
नई दिल्ली

# IDFC फर्स्ट बैंक घोटाले में ऐक्शन 100+ बैंक खाते फ्रीज

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं। मुख्य आरोपियों ने फर्जी कंपनियां बनाकर सरकारी धन को अवैध रूप से विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया गया। हरियाणा सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एडीजीपी चारू बाली और एसपी गंगाराम पूनिया ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सरकारी विभागों के खातों से इसे इन फर्जी कंपनियों के खातों में अनधिकृत रूप से भेजा जाता था। इन कंपनियों में आर.एस. ट्रेडर्स, कैप को फिनटेक सर्विस, एसआरआर प्लानिंग तथा स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट शामिल हैं।

**अब तक इस मामले में 11 गिरफ्तार**

एडीजीपी ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को एसवी एंड एसीबी थाना पंचकूला में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक तथा ए यू स्माल फाइनेंस बैंक के अज्ञात कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अब तक की जांच में 8 विभागों के 12 बैंक खातों की संलिप्तता सामने आई है, जिनमें से 10 खाते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, सेक्टर-32 चंडीगढ़ और 2 खाते एयू स्माल फाइनेंस बैंक में संचालित थे। इस मामले में 16 स्थानों पर छापेमारी की गई है। कुछ स्थानों से वीडियो फुटेज भी ली गई है।

एडीजीपी ने बताया कि अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें 6 बैंक कर्मचारी, 4 निजी व्यक्ति और एक सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से 10 आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं जबकि एक आरोपी पुलिस रिमांड पर है।



विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो की एडीजीपी चारू बाली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की

# रोहतक जिला परिषद की बैठक में हंगामा, विडियो आया

■ NBT न्यूज, रोहतक : जिला परिषद की विशेष मीटिंग में गुरुवार को जमकर हंगामा किया गया। आरोप है कि एडीसी नरेंद्र कुमार व परिषद की महिला चेयरपर्सन तथा कई अन्य महिला पार्षदों की मौजूदगी में गालियां दी गई। जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल हुड्डा व पार्षद धीरज के बीच मारपीट हुई। यह विवाद सिर्फ मीटिंग में ही जारी नहीं रहा बल्कि वाइस चेयरमैन तो पार्षद के पीछे डंडा लेकर ही दौड़ पड़े और बाहर जिला परिषद कार्यालय में पार्षद को डंडे मारे। अन्य पार्षदों ने किसी प्रकार बीच बचाव कराया। इसका विडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गुरुवार को वायरल हो गया।

जिला परिषद की विशेष मीटिंग गुरुवार को जिला विकास भवन के सभागार में बुलाई गई थी। इस मीटिंग की अध्यक्षता जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने की, जबकि एडीसी नरेंद्र कुमार भी मौजूद थे। यह मीटिंग पिछली मीटिंग में जारी किए गए बजट के तहत विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। इस मीटिंग में जिला परिषद के सभी 14 पार्षद मौजूद रहे। मीटिंग की शुरुआत होते ही कुछ पार्षदों ने अपने वार्ड में विकास कार्य न होने के आरोप लगाते हुए अपनी बात रखी। वार्ड नंबर 13 के पार्षद सतीश ने कहा कि पिछले तीन साल में सिर्फ 45 लाख रुपये के ही कार्य हुए हैं। वार्ड के हिस्से की राशि कहां पर लगाई जा रही है, इस बारे में बताया जाए, क्योंकि वार्ड के लोग विकास कार्यों के बारे में पूछते हैं। इसके बाद वार्ड नंबर 8 के पार्षद धीरज मलिक ने विकास कार्यों को लेकर चेयरपर्सन मंजू हुड्डा व वाइस चेयरमैन अनिल हुड्डा से जवाब मांगा।



वाइस चेयरमैन दफ्तर के बाहर पार्षद के पीछे डंडा लेकर ही दौड़ पड़े

# भागवत से मिले CM, RSS की प्रतिनिधि सभा आज से

■ NBT न्यूज,पानीपत : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को हेलीकॉप्टर से पानीपत जिला के समालखा में पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि परिसर पहुंचे। मुख्यमंत्री का यह दौरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की आगामी 13, 14 और 15 मार्च को होने वाली 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' की तैयारियों का जायजा लेने और संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से भेंट करने के लिए था।

मुख्यमंत्री के हेलीपैड पर उतरते ही बीजेपी जिला अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया। माधव सृष्टि में होने वाली यह तीन दिवसीय बैठक संघ की साल की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बैठक है। इसमें देशभर से करीब 1487 प्रतिनिधि हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत से मिलकर बैठक की रूपरेखा पर चर्चा की। इस बैठक में निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों पर मंथन होगा।



मुख्यमंत्री गुरुवार को समालखा में माधव सृष्टि परिसर पहुंचे।

# पेड़ से भिड़ी कार, अग्निवीर जवान समेत दो की मौत

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र जिले में बुधवार रात लाडवा-यमुनानगर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में 22 साल के अग्निवीर जवान और उसकी 11 साल की चचेरी बहन की मौत हो गई। हादसे में उसका 13 साल का भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका कुरुक्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

लाठी- धनौरा गांव के बीच उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा टूटकर करीब 10 फुट दूर जाकर गिरा। इसके बाद कार खेत में जाकर पलटकर गई। मृतक की पहचान आर्यन और कनिका शर्मा निवासी बडौदा के रूप में हुई।

आर्यन अपनी बहन कनिका और भतीजे अभि (13) के साथ कार में लाडवा अपने पड़ोसी के शादी समारोह में आए थे। बुधवार की रात करीब 8 बजे तीनों वापस अपने घर जा रहे थे। गांव लाठी धनौरा और जैनपुर जाटान के बीच पहुंचे तो एक कार ने आर्यन की कार को साइड मार दी। इससे आर्यन की कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर पास के खेत में जा गिरी।

एक्सिडेंट आर्यन के पीछे अपनी कार में आ रहे उसके चचेरे भाई अंकुश शर्मा के सामने ही हुआ। उसने तुरंत अपनी कार रोकी और गाड़ी में फंसे तीनों को बाहर निकालने की कोशिश की। आसपास के लोगों ने अंकुश की मदद करते हुए तीनों को कार से बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# पंचायती ज़मीन से काटे कीमती पेड़, दो पर केस दर्ज

AI Image



■ NBT न्यूज,पानीपत : पानीपत जिले के इसराना ग्राम पंचायत की पंचायती भूमि पर खड़े कीकर और शीशम के पेड़ों को बिना अनुमति अवैध रूप से काटने का मामला सामने आया है। मामले में खंड विकास और पंचायत अधिकारी राजेश कुमार ने कड़ा संज्ञान लेते हुए गुरुवार को इसराना थाना प्रबंधक को पत्र लिखकर सरपंच और ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की सिफारिश की है। के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। \/ इसराना में पंचायती भूमि पर खड़े कीमती पेड़ों (कीकर और शीशम) को अवैध रूप से काटा गया है।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code



उठावनी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री धर्मपाल सिंह जैन (विकास पेपर) का स्वर्गवास (देवलोक गमन) 11 मार्च 2026 को हो गया है।

प्रार्थना सभा कार्यक्रम
शुक्रवार, 13 मार्च 2026 | प्रातः 10:00 बजे
C-93, ग्रीन लाउंज जॉर्ज बैंक्वेट, ग्राउंड फ्लोर, वज़ीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली

शोकाकुल परिवार
- श्रीमती कमलता जैन (धर्मपत्नी)
- सुशील जैन-उमा जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
- सुधीर जैन-मनु जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
- पूनम जैन-सुशील जैन (पुत्री-दामाद)
- ऋषभ जैन-श्रेया जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
- विपुल जैन-अवंती जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
- ईशान जैन-तान्या जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
- मानस जैन (पौत्र)

समस्त विकास पेपर परिवार | संपर्क : 9310198067, 9560108108

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



28th Punya Tithi of our Goddess & Mother
SMT. SHARBATI DEVI
W/o Late Sh. Lachumal Mehrauli wale, Living as per your morals & ideals. Feeling your presense and blessings. Sh. Vinod Kumar Gupta & Lala Lachumal Family.
B-104, Sarvodya Enclave 9810072369

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
| --- | --- |
| The Times of India Delhi/NCR | [illegible] |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | [illegible] |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | [illegible] |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

# बाल विवाह : पैरेंट्स बोले-DSP हमारा जानकार, नहीं रुकेगी शादी

■ NBT न्यूज,पानीपत : पानीपत के सेक्टर-29 थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में मंगलवार को दो नाबालिग लड़कों और लड़की की शादी रुकवाने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद शादी रुकवाने का प्रयास किया तो परिजनों ने कहा कि वह डीएसपी के जानकार हैं। यह शादी नहीं रुक सकती। महिला संरक्षण और बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता सूचना के बाद पहुंचीं। उन्होंने बाल विवाह रुकवाया। दोनों पक्षों को बुधवार को जेएमआईसी हिमानी गिल की कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों ने बयान दर्ज कराए कि लड़की की उम्र 18 और लड़के की उम्र 21 साल होने से पहले उनकी शादी नहीं करेंगे।

**बाद में दोनों पक्ष राजी हो गए, कहा-बालिग होने के बाद ही बच्चों की शादी करेंगे**

महिला संरक्षण और बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि सेक्टर-29 थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में दो लड़कों का बाल विवाह करने की सूचना मिली थी। सेक्टर-29 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बारात जाने की तैयारी थी। परिजनों ने कहा कि ये बड़े लड़के की शादी कर रहे हैं। पुलिस और महिला संरक्षण और बाल विवाह निषेध अधिकारी ने दस्तावेजों की जांच की तो लड़की की उम्र 21 साल से कम मिली। पुलिस ने उनकी शादी रोकने की बात कही। परिजनों ने पुलिस को कहा कि वे डीएसपी के जानकार हैं और वे शादी करेंगे। रजनी गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों को बुधवार को कार्यालय में तलब किया। दोनों लड़कों के हाथों में मेहंदी लगी थी। दस्तावेज की जांच की गई तो बड़े लड़के का जन्म 5 जनवरी 2006 और छोटे का जन्म 17 अगस्त 2007 को हुआ था। एक वधू 18 वर्ष की हो चुकी है और छोटी 12वीं कक्षा में है। लड़की पक्ष ने कहा कि लड़कियों के गलत संगत में पड़ने के डर से उन्होंने अपनी बेटी की शादी का फैसला लिया था।

AI Image



## महानगर में आज



**आहार मेला**
प्रगति मैदान में इंटरनैशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर 'आहार मेला', हॉल 1, प्रगति मैदान, सुबह 10 बजे से। इंडियन कलनरी फोरम की ओर से आयोजित इस मेले में नेपाल, थाईलैंड और यूएस की भी भागीदारी है, तो मास्टर क्लासेस का मजा भी है।

**जिंदगी का फ्रेम**
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'फ्रेम्स ऑफ इटरनिटी', मेन आर्ट गैलरी, कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। 'रोशन लाल चोपड़ा की मोनोक्रोम क्रॉनिकल्स: एक रेट्रोस्पेक्टिव फोटो एग्जिबिशन के साथ उनकी दुर्लभ ब्लैक-व्हाइट तस्वीरों के संग जिंदगी की खूबसूरती से मुलाकात की जा सकती है। शो के क्यूरेटर रवि चोपड़ा और डॉ. शोभना राधाकृष्ण हैं।

**ट्राइब्स आर्ट फेस्ट**
त्रावणकोर पैलेस में ट्राइब्स आर्ट फेस्ट, केजी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इस अनोखे फेस्ट में देशभर के 75 से अधिक जनजातीय कलाकार हिस्सा ले रहे हैं।

**कला के आयाम**



ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी में आर्ट एग्जिबिशन 'ले सैलून कलेक्टिफ', 1, रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। 15 कंटेंपरेरी कलाकारों की इस एग्जिबिशन में कला के कई रूप के साथ नजर आएगी।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

# बेटे-बहू के विवाद में गई मां की जान

## बुजुर्ग मां बीचबचाव करने गई थीं, आरोपी बेटा अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



- पुलिस ने मृतक की बेटी शबनम के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया।
- उसके बाद आरोपी बेटे शेर अली (27) को गिरफ्तार कर लिया है
- हमीदुन निसा (60) को सिर में गंभीर चोटें आई थीं

**सीमापुरी इलाके** में एक बेटे ने अपनी 60 साल की बुजुर्ग मां को फर्श पर पटककर हत्या कर दी। बेटे और बहू के बीच हो रहे झगड़े के दौरान बुजुर्ग मां बीच बचाव करने गई थीं। तभी आरोपी बेटे ने उन्हें जोर से फर्श पर पटक दिया। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से मां हमीदुन निसा (60) को पहले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने इस बात की सूचना सीमापुरी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की बेटी शबनम के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया। उसके बाद आरोपी बेटे शेर अली (27) को गिरफ्तार कर लिया है।

शाहदरा जिला के डीसीपी आरपी मीणा ने बताया कि मृतक हमीदुन निसा अपने परिवार के साथ ई-44/बी-316, नई सीमापुरी इलाके में रहती थीं। परिवार में बेटा शेर अली, बहू संजीदा, शेर अली के तीन बच्चों के अलावा तीन बेटी और एक और बेटा है। शेर अली लोनी में दर्जी का काम करता था। बुधवार रात संजीदा पति से ईद के कपड़े बनाने के लिए कह रही थी। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा।

मामला मारपीट तक पहुंच गया। हमीदुन झगड़ा छुड़ाने पहुंचीं और बीच-बचाव का प्रयास करने लगीं। इसी बात पर आरोपी शेर अली मां पर ही भड़क गया। वह मां को हटने के लिए कहने लगा। मां नहीं मानी तो उन्हें उठाकर जमीन पर पटक दिया जिससे वह बेहोश हो गईं। घर में शोर-शराबा सुन बाकी परिजन हमीदुन को लेकर अस्पताल भागे जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना के बाद पुलिस वाले आरोपी के घर पहुंचे।

मृतक की बेटी शबनम का आरोप है कि भाई शेर अली ने मां की हत्या की है जिसके बाद बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर शेर अली को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया और बताया कि उसने गुस्से में मां को फर्श पर पटक दिया था। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# परोल जंप कर 6 साल से फरार था, गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल और कारतूस बरामद

**द्वारका डिस्ट्रिक्ट** के स्पेशल स्टाफ ने परोल पर जेल से निकलने के बाद छह साल से फरार कृष्ण पहलवान गैंग के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान झरोदा कलां योगेश उर्फ टिल्लू (40) के रूप में हुई है। उसपर नजफगढ़ में कालू बंजारा और विवाद में कृष्ण पहलवान के दो पीएसओ की हत्या करने का आरोप है। 2020 में कोविड महामारी के दौरान परोल मिलने के बाद वह भाग गया। आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं।

**कृष्ण पहलवान गैंग का बदमाश पकड़ा**

डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल स्टाफ लगातार अपराध पर रोकथाम के लिए बदमाशों पर निगरानी रख रही है। इसी दौरान कृष्ण पहलवान गैंग के बदमाश योगेश उर्फ टिल्लू के बारे में सूचना मिली, जो परोल के बाद छह साल से फरार था। उसपर 2013 में कालू बंजारा की हत्या और 2016 में कृष्ण पहलवान के दो पीएसओ की हत्या का आरोप है। डीसीपी के अनुसार, इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने निगरानी बढ़ाई। जांच में पता चला कि योगेश मुंबई में रहता है और दोस्तों से बात करता है। पुलिस कई बार मुंबई गई, लेकिन पता चला कि वह राह चलते लोगों के फोन का इस्तेमाल करता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 10 मार्च को पुलिस को योगेश के दिचाऊं डिपो के पास किसी से मिलने के लिए आने की सूचना मिली। पुलिस ने ट्रैप लगाकर उसे दबोचा।

**2009 में पहली बार वारदात की:** योगेश ने बताया कि 2009 में उसने पहली बार वारदात को अंजाम दिया। गोल्ड स्मगलिंग की जानकारी पर उसने साथियों के साथ मिलकर एक आदमी को सोना लूटने के इरादे से अगवा किया था। इस मामले में वह गिरफ्तार हुआ। जेल में उसकी मुलाकात गैंगस्टर दर्शन डबास से हुई।




# स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर ठगे 9.46 करोड़, छत्तीसगढ़ से अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, रेवाड़ी:** गांव पीथनवास के एक व्यक्ति से स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9 करोड़ 46 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान छत्तीसगढ़ के जिला बिलासपुर के कृष्ण दास के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 11 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

**पुलिस 11 आरोपियों को पहले ही कर चुकी है काबू**

पुलिस के मुताबिक, गांव पीथनवास के नवकृष्ण आभीर ने शिकायत दी थी कि वह 24 अगस्त 2025 को एक वॉट्सऐप ग्रुप में जुड़ा। जिस पर आरोपियों से उसकी बातचीत शुरू हो गई। आरोपियों ने उससे स्टॉक मार्केट में निवेश करने की बात कह एक मोबाइल एप इंस्टॉल करवाया। इसके बाद उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिये अलग-अलग बैंक खातों में 9 करोड़ 46 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने यह राशि निकालने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला।

# बिंदापुर में भीषण आग, 80 झुग्गियां जलकर राख

## दमकल की 28 गाड़ियों ने तड़के तीन बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, लाखों का सामान जला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**द्वारका डिस्ट्रिक्ट** के बिंदापुर इलाके के मनसा राम पार्क में बुधवार देर रात झुग्गियों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और आसपास स्थित कई कबाड़ के गोदामों और सैकड़ों झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। खबर मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

DCP कुशल पाल सिंह ने बताया कि बुधवार रात 11:57 बजे बिंदापुर थाना पुलिस को मनसा राम पार्क की झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली थी। संकरी गलियों के कारण दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की 28 गाड़ियों ने तड़के तीन बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक इस आग में करीब 80 झुग्गियां जलकर राख हो गई हैं, जबकि स्थानीय लोगों का दावा है कि 300 झुग्गियां जली हैं।

आग लगने की सूचना मिलते ही बिंदापुर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम में एसआई दीपक, संदीप, हवलदार मोहित, सुनील, बबूराम, विजय, मदन, कॉन्स्टेबल प्रेमवीर और पीसीआर में तैनात हवलदार राम रतन और सिपाही मुकेश कुमार शामिल थे। पुलिसकर्मियों ने झुग्गियों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।



तेजी से फैली आग: मनसा राम पार्क में बुधवार देर रात झुग्गियों में अचानक आग लगी

**पांच दिन पहले भी लगी थी आग**

पुलिस के मुताबिक सात मार्च को भी यहीं आग लगी थी। दमकल की आठ गाड़ियों ने काबू पा लिया था। जांच में सामने आया कि यह जमीन निजी संपत्ति है और मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। प्रशासन को पहले भी यहां कचरा डालने और आग लगाने की कई शिकायतें मिल चुकी हैं। सात मार्च को कापसहेड़ा के जिला मजिस्ट्रेट ने साइट पर मलबा हटाने का अभियान चलाने का फैसला किया था, लेकिन कुछ कारणों से इसे टाल दिया गया।




# सेलिब्रिटीज़ के डीपफेक विडियो से ठग बिछा रहे 'मुनाफे' का जाल




Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** 'अभी निवेश करें, वरना मौका हाथ से निकल जाएगा' जैसे दावे स्कैमर्स इन दिनों डीपफेक वीडियो के जरिए एलीट क्लास को फंसाने के लिए कर रहे हैं। जी हां, डिजिटल अरेस्ट के बाद दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे में देश में इन्वेस्टमेंट फ्रॉड (निवेश के नाम धोखाधड़ी) सबसे बड़ा और चैलेंजिंग साइबर स्कैम बनकर उभर रहा है। दिल्ली पुलिस ने तेजी से बढ़ रहे इस फ्रॉड से आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का AI जनरेटेड डीपफेक विडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें उनकी हूबहू आवाज के जरिए कुछ खास तरीके से डिजाइन किए गए फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग एप्लीकेशन को प्रमोट किया जा रहा था।

पुलिस अफसर ने बताया कि वित्त मंत्री ही नहीं बल्कि विराट कोहली, अनंत अंबानी, कई जानेमाने क्रिकेटर और बॉलीवुड से जुड़े लोगों के डीपफेक वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। शेयर करने का प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम, वट्सऐप है। विडियो में यूजर्स से उन फेक ऐप्स को डाउनलोड, रजिस्टर और इन्वेस्ट करने के लिए कहा जाता है, जिसमें उन्हें इन्वेस्टमेंट पर बड़ा रिटर्न का दावा किया जाता है। डीपफेक विडियो में यूजर्स को 40 हजार रुपये से एक लाख रुपये तक के रिटर्न का लालच दिया जाता है। कुछ विडियोज में ऑनलाइन गेम्स में इन्वेस्टमेंट के लिए कहा जाता है। दरअसल, डीपफेक विडियो को लोग जागरूकता के अभाव में पहचान नहीं पाते और जानी मानी हस्ती को देख उस पर बिना वेरिफाई किए यकीन कर लेते हैं। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ऐसा विडियो की रिपोर्ट कर सकते हैं। डीपफेक विडियो को पहचानने के कुछ तरीके हैं। इनमें कुछ ऐसे ऐप्स की चर्चा की जाती है, जो किसी ट्रस्टेड प्लेटफॉर्म पर नहीं मिलेंगे। ऐसे विडियो में निवेश करके जल्दी मुनाफा कमाने का लालच दिया जाता है। ये सारी बातें कोई जाना माना शख्स बोल रहा होता है।

**एक लाख रुपये तक के रिटर्न का लालच दिया जाता है**

### स्कैमर के हथकंडे

- **क्लोन वेबसाइट और ब्रैंडिंग:** असली बैंक/ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की हूबहू नकल कर नकली वेबसाइट बनाई जाती है।
- **सोशल मीडिया विज्ञापन:** फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर भारी मुनाफे का लालच देकर ऐप डाउनलोड करवाया जाता है।
- **विडियो और आवाजें:** जानी मानी हस्ती, अधिकारियों या फाइनेंस एडवाइजर की नकली विडियो/ऑडियो बनाए जाते हैं
- **फर्जी डैशबोर्ड:** निवेश करने पर नकली मुनाफा दिखाया जाता है, ताकि लोग और पैसा लगाएं।
- **दबाव और लालच:** 'अभी निवेश करें वरना मौका हाथ से निकल जाएगा' कहकर पैसे ट्रांसफर कराए जाते हैं।

### पुलिस के सुझाव

1. अच्छे मुनाफे के लालच में सोशल मीडिया के इन्वेस्टमेंट एड की विश्वसनीयता जांच लें।
2. ट्रेडिंग के लिए 'सेबी' द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों और नियमों का पूरा ध्यान रखें।
3. अपने ट्रेडिंग डीमैट अकाउंट के आईडी-पासवर्ड अनजान शख्स से साझा न करें।
4. टेलीग्राम, वट्सऐप, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर दिए गए फर्जी लिंक पर क्लिक न करें।
5. URL और ऐप को अच्छी तरह से वेरिफाई करें। इसका ध्यान रहे कि केवल आधिकारिक ऐप स्टोर या सत्यापित डोमेन से ही ऐप को डाउनलोड करें।
6. किसी तरह के फ्रॉड होने पर थाने, **1930** पर कॉल या **cybercrime.gov.in** पर कंप्लेंट करें



# हिमांशु गैंग के दो शार्प शूटर अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, झज्जर:** हिमांशु भाऊ गैंग के दो शार्प शूटर को पुलिस ने काबू किया है। दोनों शूटर कई दिनों से बहादुरगढ़ सीआईए-टू के रडार पर थे। पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों शूटर को किसी बड़ी घटना को अंजाम देना था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी नितिन और दीपक हैं।



सीपी डॉ.राजश्री ने बताया कि काबू किए गए दोनों ही शूटर का क्राइम रिकॉर्ड रहा है। दिल्ली स्थित बेगमपुर, रोहिणी क्षेत्र में दहशत फैलाने के साथ-साथ यह शूटर पिछले दिनों रोहतक में अस्पताल के सामने हुई करीब दो दर्जन फायरिंग व दो-तीन रोज पूर्व गुड़गांव के एक शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने की घटना को भी अंजाम दिया था। आरोपित दीपक उर्फ टाइगर ने जमीन विवाद के चलते अपने चाचा की हत्या की थी और उसी मामले में वह जेल से परोल पर आया हुआ था। इसका प्लान अपने दूसरे चाचा की हत्या करना था। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

# जीजा और साले ने नाबालिग से रेप का किया प्रयास, केस

■ **NBT न्यूज, नूंह:** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर नाबालिग से रेप के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने अरमान और आवेश नामक युवकों के खिलाफ शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है। दोनों आरोपी जीजा-साले हैं।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात किशोरी घर में सो रही थी। आरोप है कि देर रात गांव का ही अरमान अपने जीजा आवेश के साथ घर में घुस आया व लड़की के साथ रेप की कोशिश की। नाबालिग ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर दूसरे कमरे में सो रही उसकी मां और छोटी बहन मौके पर पहुंच गईं। परिवार के सदस्यों को आता देख आवेश फरार हो गया, जबकि युवती की छोटी बहन ने अरमान को पकड़ लिया, लेकिन कुछ देर बाद वह हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने शिकायत दी कि इससे पहले 24 जनवरी को भी अरमान ने युवती को बहला-फुसलाकर रेप किया था।

kotak
Kotak Mahindra Bank
कोटक महिन्द्रा बैंक

डबल रिटर्न की गारंटी?

सावधान, यह एक स्कैम है।



अगर आपको कोई मैसेज मिलता है या आपको किसी ऐसे ग्रुप में जोड़ा जाता है जिसमें निवेश करने पर बहुत ज़्यादा रिटर्न का वादा किया जाता है, तो सावधान रहें। वे आपको नकली ऐप्स पर छोटे शुरुआती मुनाफ़े दिखाकर फंसाने की कोशिश करेंगे और फिर आपको और ज़्यादा निवेश करने के लिए उकसाएंगे।
**सावधान रहें, और ऐसे स्कैम का शिकार न बनें।**

**याद रखें:**
- असत्यापित लिंक, ग्रुप या व्यक्तियों के ज़रिए निवेश न करें
- अनजान ऐप या एपीके फ़ाइल डाउनलोड न करें
- असली निवेश ज़्यादा रिटर्न की गारंटी नहीं देते
- सही प्लेटफ़ॉर्म आपके अपने फ़ंड को विदड्रॉ करने के लिए कभी भी पैसे नहीं मांगेंगे
- कभी भी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक विवरण, ओटीपी, पिन या पासवर्ड ना दें

धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए, **1930 पर कॉल करें** या **www.cybercrime.gov.in पर जाएं।**

हौसला ऑन! स्कैम गॉन!

www.kotak.bank.in

यह एक एआई-जनरेटेड इमेज है। वास्तविक व्यक्तियों से कोई भी समानता सिर्फ़ संयोग है।



## सिलिंडर बुकिंग किसी जंग से कम नहीं

# गैस के लिए लंबी कतार, इंडक्शन मिलना भी मुश्किल

गैस के लिए लाइन लंबी होती जा रही है। गैस सिलिंडर बुक करना किसी जंग से कम नहीं है। कुछ राज्यों में तो नंबर भी नहीं मिल रहा, तो कई जगह सर्वर डाउन होने की शिकायतें आईं। ऑनलाइन बुकिंग नहीं हुई तो लोग एजेंसी में सिलिंडर लेने पहुंचे। लाइन में लगे हुए पूरा दिन गुजर गया, पर गैस नहीं मिली, तो कुछ जगह लोगों की आंखें डबडबा गईं। इंडक्शन, इलेक्ट्रिक कूकर, अवन अब लोगों का सहारा बन रहे हैं। मार्केट में अचानक इनकी डिमांड कई गुना बढ़ गई है। सरकार ने कहा है, एक महीने तक लकड़ी, कोयला, मिट्टी का तेल... कुछ भी जला सकते हैं।

नागपुर
महाराष्ट्र में नागपुर, मुंबई, पुणे समेत कई जगह सिलिंडर के लिए लंबी लाइन लग रही है।

## LPG पर कुछ लोग दहशत फैलाने की कोशिश में: मोदी



■ पीटीआई, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट से कोई भी देश अछूता नहीं है और सरकार भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मोदी ने कहा, 'कुछ लोग LPG को लेकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। बिना किसी राजनीतिक टिप्पणी के मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि वे न सिर्फ लोगों के सामने खुद को उजागर कर रहे हैं, बल्कि देश को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विश्व एक कठिन दौर से गुजर रहा है, लेकिन भारत तेज और स्थिर गति से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, 'कई वैश्विक नेता कह रहे हैं कि भारत पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।'



गैस से चलने वाले ऑटो बंद हो गए हैं। रसोई गैस नहीं मिल रही। यह एक गंभीर मुद्दा है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। हम केंद्र के रुख की निंदा करते हैं।
- डीके शिवकुमार, डिप्टी सीएम, कर्नाटक



प्रदेश में खाद्य और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न दें। राज्य सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। गैस का पर्याप्त स्टॉक है।
- पुष्कर सिंह धामी, सीएम, उत्तराखंड



LPG सिलिंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। घरेलू उपभोक्ताओं को आसानी से सिलिंडर मिल रहा है। राज्य और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने को कहा है।
- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान



LPG और अन्य ईंधनों की आपूर्ति के संभावित संकट से निपटने की केंद्र को बेहतर तैयारी करनी चाहिए थी। लोगों को LPG सिलिंडर रिफिल कराने में दिक्कत हो रही है। - ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल

## 'चाय वाले से लेकर 5 स्टार होटल तक पड़ेगा असर'

■ पीटीआई, चंडीगढ़: चंडीगढ़ होटल असोसिएशन के चेयरमैन मनमोहन सिंह ने कहा कि LPG की कमी का असर चाय की दुकानों से लेकर पांच सितारा होटलों तक सभी पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह समस्या होटल इंडस्ट्री के लिए काफी गंभीर है। होटल कारोबार के दो हिस्से होते हैं- रेस्तरां और कमरे। होटल का कमरा अगर एक रात खाली रह गया तो उसे बाद में नहीं बेचा जा सकता। वहीं खाना अगर बनाकर बेच दिया जाए तो ठीक है, लेकिन अगर बच गया तो वह बेकार हो जाता है।



चंडीगढ़ होटल असोसिएशन के चेयरमैन मनमोहन सिंह

मनमोहन सिंह ने कहा कि हो सकता है लोगों का ठहरने का काम कुछ हद तक चलता रहे, लेकिन लोग तभी बाहर निकलेंगे जब उन्हें भरोसा होगा कि उन्हें खाने-पीने की सुविधा मिलेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसका असर पर्यटन, खाने-पीने के कारोबार और बाहर जाकर खाने की आदत- तीनों पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इसे सिर्फ बड़े और चमक-दमक वाले कारोबार की समस्या न समझा जाए। इसका असर छोटे चाय के ठेलों तक पहुंचेगा, क्योंकि वे भी कमर्शल गैस सिलिंडर का इस्तेमाल करते हैं। यानी छोटे चाय वाले से लेकर पांच सितारा होटल तक, सभी इस संकट से प्रभावित होंगे।

### पति दुबई में; पूरे दिन इंतजार किया, सिलिंडर नहीं मिला तो छलके आंसू, महिला बोली...

# घर में गैस नहीं, गुरुद्वारे में खाना खा रहे

■ NBT न्यूज, यमुनानगर

यमुनानगर में गैस सिलिंडर की किल्लत के बीच अमृत गैस एजेंसी के बाहर उस समय बेहद भावुक दृश्य देखने को मिला, जब प्रभनीत कौर नाम की महिला सिलिंडर लेने पहुंचीं लेकिन काफी इंतजार के बाद उन्हें सिलिंडर नहीं मिला। प्रभनीत एजेंसी के बाहर ही फूट-फूटकर रोने लगीं।

रोते हुए प्रभनीत कौर ने बताया, 'पति दुबई में फंसे हैं। मुझे ही घर की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही। दो बच्चे हैं, दोनों बीमार हैं। कई दिन से सिलिंडर बुक करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन सर्वर डाउन बता रहा था। एजेंसी वाले आज-कल कहकर टाल रहे। बच्चों को भूखा नहीं देख सकती। मजबूरी में गुरुद्वारे में जाकर खाना खिला रही हूं।' प्रभनीत ने बताया कि बाजार में 1500 रुपये तक में सिलिंडर दे रहे हैं। अमृत गैस एजेंसी के मैनेजर रामकुमार का कहना है कि जिनकी बुकिंग है, उन्हें ओटीपी के आधार पर सिलिंडर दिए जा रहे हैं। हालांकि उन्होंने माना कि सर्वर में तकनीकी दिक्कत के कारण ऑनलाइन बुकिंग में लोगों को परेशानी हो रही है।

**यमुनानगर की प्रभजोत ने कहा, घर में दोनों बच्चे बीमार हैं**



### मनसा देवी मंदिर में रोटी मिलना बंद

पंचकूला शहर के मनसा देवी मंदिर में 25 हजार लोगों को कल से प्रसाद में रोटी मिलना बंद हो जाएगा। कल से केवल कढ़ी चावल और दाल चावल का प्रसाद ही लोगों को मिलेगा। हिसार में पब्लिक से परेशान संचालक एजेंसी पर ताला डालकर फरार हो गया। रेवाड़ी के गांव डालियावास के जुगबीर ने बताया कि तीन दिन से सिलिंडर नहीं है। हालांकि, इन्हीं परेशानियों को देखते हुए हरियाणा सरकार की ओर से टोल फ्री नंबर 18001802087 भी जारी किया है। लोगों को कहना है कि यह नंबर काम नहीं कर रहा है।

## प्रयागराज

PTI



प्रयागराज समेत पूरे यूपी में एजेंसियों में सिलिंडर के लिए मारामारी जैसे हालात बन रहे हैं।

### लखनऊ में इंडक्शन की डिमांड हाई

पूरे प्रदेश में गैस सिलिंडर को लेकर मारामारी के हालात रहे। इस दौरान इंडक्शन और इलेक्ट्रिक कुकर की डिमांड कई गुना बढ़ गई है। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने बताया कि इस समय छोटे व्यापारी घरेलू इंडक्शन और बड़े रेस्तरां संचालक कमर्शल इंडक्शन की डिमांड लेकर पहुंच रहे हैं। घरेलू इंडक्शन की डिमांड में 50% और कमर्शल इंडक्शन की डिमांड में 35% का इजाफा हुआ है। मॉल मार्केट स्थित सेठी इलेक्ट्रॉनिक्स के गुरप्रीत सिंह सेठी ने बताया कि घरेलू इंडक्शन जहां हफ्ते में तीन बिकते थे, वहीं एक दिन में पांच बिक रहे हैं। व्यापारियों के मुताबिक इंडक्शन का स्टॉक लगभग खत्म होने की ओर है। लुलु मॉल में तीन दिनों से इंडक्शन खूब बिक रहे हैं।

## 57% लोगों ने सिलिंडर डिलिवरी में देरी या कालाबाजारी का अनुभव किया: सर्वे

■ NBT रिपोर्ट : दिल्ली-NCR समेत देश के कई हिस्सों में LPG सिलिंडर की सप्लाई को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की ओर से सप्लाई सामान्य रखने की कोशिशों के बावजूद कुछ जगहों पर मुनाफाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतें सामने आई हैं। लोकल सर्कल्स के एक सर्वे के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में 53% घरेलू उपभोक्ताओं ने बताया कि LPG डीलरों ने उन्हें सिलिंडर की सप्लाई में रुकावट या देरी की बात कही है। वहीं 57% उपभोक्ताओं ने कहा कि उन्हें सिलिंडर मिलने में देरी और ब्लैक मार्केटिंग जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा है। यह सर्वे देश के 309 जिलों के 57,000 से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं से मिली प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।






| गैस सप्लाई में समस्या या देरी हुई क्या? | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 43% लोगों ने कहा, कोई दिक्कत नहीं हुई। | 32% लोग बोले, डीलर ने बताया गैस सप्लाई में देरी होगी। | 21% लोगों ने कहा, गैस की कमी बताई गई। | 4% लोगों ने कहा, हमें कुछ पता नहीं है। |

## बेंगलुरु: इंडक्शन की डिमांड

PTI



बेंगलुरु में भी इंडक्शन के लिए दुकानों पर भीड़ लग रही है

### राजस्थान में कैटरर्स बढ़ाएंगे रेट

वाणिज्यिक LPG सिलिंडरों की आपूर्ति बाधित होने से राजस्थान में होटल, रेस्तरां, फैक्ट्रियां, शादी समारोहों के कैटरर्स और पर्यटन प्रतिष्ठान रोजाना के कामकाज में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उद्योग जगत के एक प्रतिनिधि ने बताया कि कमी के कारण शादी का खर्च 25 से 30 हजार रुपये तक बढ़ सकता है। 'जयपुर कैटरिंग डीलर्स कमिटी' के अनुसार, शहर में करीब 6,000 से 7,000 रेस्तरां और ढाबे एलपीजी सिलिंडरों पर निर्भर हैं। हॉस्टल के मेस भी बंद हो रहे हैं।

## नियमों से परे होकर कोई भी नहीं बोल सकता है: बिरला



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कहा कि मैंने हमेशा निष्पक्षता और नियमों के अनुसार ही सदन की कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया और किसी भी सदस्य को नियमों से परे जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। बिरला ने उनके खिलाफ लाए गए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को अस्वीकार करने पर सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह पूरी निष्ठा और संवैधानिक मर्यादा के साथ जिम्मेदारी निभाने का प्रयास करेंगे। बिरला ने कहा कि उनके खिलाफ लाए गए संकल्प पर सदन में पिछले दो दिन में हुई चर्चा में कुछ सदस्यों का मानना था कि नेता प्रतिपक्ष सदन से ऊपर हैं और किसी भी विषय पर बोल सकते हैं, लेकिन ऐसा विशेषाधिकार किसी को नहीं है और सभी को नियम के अनुसार ही बोलने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि सदन के नेता हों या प्रतिपक्ष के नेता, सभी को नियमों के तहत बोलने का अधिकार है।

# सरकार से केरोसिन, कोयले और बायोमास के इस्तेमाल की छूट

## होटलों और रेस्तरां को 1 महीने तक राहत देने का निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

देश में पेट्रोल, डीजल और केरोसिन की कहीं कोई तंगी नहीं है। घरेलू उपयोग के लिए LPG सिलिंडरों की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है और रोजाना करीब 50 लाख सिलिंडर पहुंचाए जा रहे हैं। कमर्शल LPG के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं ताकि कालाबाजारी न हो। तेल एवं गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को संसद में ये बातें कहीं।

**केंद्र ने कहा, राज्यों को 48 हजार किलोलीटर केरोसिन जारी किया गया है**

उन्होंने कहा कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कमर्शल LPG की औसत मासिक जरूरत के 20% के बराबर LPG गुरुवार से जारी करेंगी और यह काम राज्य सरकारों के साथ मिलकर किया जाएगा, जिससे जमाखोरी या कालाबाजारी न हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण मंत्रालय ने राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स को सलाह दी है कि वे होटलों और रेस्टोरेंट्स को एक महीने के लिए बायोमास, RDF पैलेट्स, केरोसिन और कोयले का उपयोग वैकल्पिक ईंधन के रूप में करने दें।

वहीं, तेल एवं गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि LPG की जगह पर वैकल्पिक ईंधन के रूप में गुरुवार को राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन भेजा गया। उन्होंने यह भी बताया कि शहरी क्षेत्रों में LPG सिलिंडर का बुकिंग पीरियड बढ़ाकर 25 दिन करने के बाद सरकार ने ग्रामीण इलाकों के लिए बढ़ाकर 45 दिन कर दिया है।

सुजाता ने कहा कि एक बड़ा निर्णय किया गया है कि कुछ कमर्शल सिलिंडर जारी किए जाएंगे, जिसमें राज्यों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के जरिए राज्यों से कहा गया है कि वे लाभार्थियों की उचित रूप से पहचान करें।

Mahesh G



आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा समेत पूरे देश में लकड़ियों की डिमांड बढ़ गई

### 'आपाधापी की वजह से बुकिंग बढ़ी है'

LPG के बारे में सुजाता शर्मा ने कहा कि 9 मार्च को पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने एस्मा के तहत ऑर्डर जारी कर रिफाइनरीज को LPG प्रोडक्शन बढ़ाने को कहा था और उसके बाद से उत्पादन 29% बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि देश में करीब 25000 डिस्ट्रिब्यूटर हैं और रोज 50 लाख सिलिंडर डिलीवर करते हैं। डिस्ट्रिब्यूशन साइड में कोई ड्राई आउट नहीं है, आपाधापी के चलते बुकिंग बहुत बढ़ गई है।

# पेट्रोल-डीज़ल पर नहीं फटा आसमान, तो LPG पर इतना हाहाकार क्यों?

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले से बने हालात में क्रूड ऑयल और नैचरल गैस का आयात बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ है, लेकिन जहां देश में पेट्रोल-डीजल की तंगी की स्थिति नहीं बनी है, वहीं LPG सिलिंडरों के मामले में अफरातफरी के हालात हैं।



NBT EXPLAINER

**Q पेट्रोल-डीजल में टेंशन कम क्यों?**

■ भारत अपनी जरूरत का 88% कच्चा तेल आयात करता है। इस आयात का करीब आधा हिस्सा उसी होरमुज स्ट्रेट से होकर आता रहा है, जहां से जहाजों का आना-जाना लगभग ठप हो गया है। युद्ध शुरू होने से पहले होरमुज जलडमरूमध्य से रोजाना औसतन 25 से 27 लाख बैरल कच्चा तेल भारत आ रहा था। युद्ध शुरू होने के बाद भी लेकिन तीन चीजों के चलते बड़ा झटका नहीं लगा है।

■ अमेरिकी प्रतिबंध के चलते रूस से खरीद काफी घटने पर भी औसतन 10 लाख बैरल प्रतिदिन की खरीद बनी हुई थी। फिर अमेरिका की तरफ से 30 दिनों की छूट मिलने के बाद रूसी तेल की खरीद बढ़कर करीब 16 लाख बैरल प्रतिदिन हो चुकी है। रूसी तेल पहले की तरह सस्ता तो नहीं रह गया है और इससे खाड़ी देशों से आने वाले तेल की पूरी भरपाई भी नहीं होगी, फिर भी यह राहत की बात है।

■ 2006-07 में जहां 27 देशों से कच्चा तेल आता था, वहीं अब 40 देशों से आ रहा है। सरकार के मुताबिक, आयात का 55% हिस्सा युद्ध के पहले होरमुज के अलावा दूसरे रास्तों से आ रहा था और अब यह मात्रा करीब 70% हो गई है।

■ क्रूड ऑयल से पेट्रोल-डीजल बनाने में भारत चौथे स्थान पर है। ग्लोबल रियल टाइम डेटा प्रोवाइडर Kpler के लीड एनालिस्ट (रिफाइनिंग एंड सप्लाई) सुमित रितोलिया ने कहा, 'भारत रिफाइंड प्रोडक्ट्स का बड़ा एक्सपोर्टर है। 2025 में इसका करीब 11 लाख बैरल प्रतिदिन निर्यात किया था।

**Q LPG पर मारामारी क्यों?**

■ भारत दुनिया में LPG का दूसरा बड़ा कंज्यूमर है। LPG की हर महीने करीब 30 लाख टन की खपत है। इसके 40-45% हिस्से का ही देश में उत्पादन होता है। यानी 55-60% आयात होता है। इसमें से भी 85-90% हिस्सा होरमुज स्ट्रेट से आता रहा है। अब यह बाधित है।

■ सरकार ने 9 मार्च को ESMA के तहत जारी आदेश में रिफाइनरीज से कहा था कि वे LPG उत्पादन बढ़ाएं। सरकार का कहना है कि इसके बाद से उत्पादन 29% बढ़ चुका है। Kpler के सुमित रितोलिया ने कहा, 'इससे देश में सप्लाई कुल डिमांड के बमुश्किल 50% तक पहुंचेगी। पश्चिम एशिया के अलावा बाकी जगहों से LPG मंगाई जा सकती है, लेकिन समय ज्यादा लगता है।'

■ एक और बड़ी वजह यह है कि कच्चे तेल का जैसा रणनीतिक भंडार भारत में है, वैसा LPG का नहीं है। मैंगलोर, पादुर और विशाखापत्तनम के स्ट्रैटेजिक रिजर्व्स और कमर्शियल भंडार को मिलाकर करीब 10 करोड़ बैरल का अतिरिक्त पेट्रोलियम भंडार है।

■ LPG का भंडार मासिक खपत के आधे से भी कम है। भारत में मैंगलुरु और विशाखापत्तनम में LPG के दो भूमिगत भंडार ही हैं। इनकी कुल क्षमता 1.4 लाख टन है। इससे दो दिनों का काम भी नहीं चल सकता। यानी एक तरह से सप्लाई का मामला लगातार उत्पादन और आयात पर टिका है।

## LPG उत्पादन 28% बढ़ा, आपूर्ति सेफ है: हरदीप पुरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री **हरदीप सिंह पुरी** ने गुरुवार को संसद में कहा कि देश में कच्चे तेल और LPG की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है। हालात को देखते हुए रिफाइनरियों को निर्देश दिए गए थे जिसके बाद पिछले पांच दिनों में LPG उत्पादन में 28% की बढ़ोतरी की गई है। आधुनिक ऊर्जा इतिहास में विश्व ने इस प्रकार के संकट का सामना पहले कभी नहीं किया। आज से 13 दिन पहले सैन्य अभियान के कारण होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने का मार्ग अवरुद्ध हो गया। सरकार की प्राथमिकता रसोई में गैस की कमी न होने देना है।



### अल्लाह ने मुझे बचा लिया: फारूक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नैशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि मैं ठीक हूं, अल्लाह ने मुझे बचा लिया। वहीं, अब्दुल्ला पर जम्मू में फायरिंग के मुद्दे पर गुरुवार को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और सदन के नेता जेपी नड्डा के बीच बहस हुई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 03-12-2026 20:18 Color:



मलाबार
गोल्ड & डायमंड्स

# the Big Brilliant Sale

इस सीज़न के शानदार ऑफ़र्स के साथ अब और भी चमकने का समय है, जिन्हें आप मिस नहीं करना चाहेंगे।

**40%* तक की छूट**
सभी गोल्ड, अनकट और जेमस्टोन ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर

**30%* तक की छूट**
डायमंड वैल्यू पर

*शर्तें लागू

ऑफर 22 मार्च, 2026 तक मान्य हैं।

**FREE* SILVER COIN** WITH AKSHAYA TRITIYA ADVANCE BOOKING

**0% DEDUCTION** ON OLD GOLD EXCHANGE

**SELL YOUR OLD GOLD** TO GET MAXIMUM CASH VALUE & ASSURED SAME-DAY PAYMENT

**DELHI NCR STORES:** VAISHALI ENCLAVE, PITAMPURA | WAVE ONE, SECTOR-18, NOIDA | BLOCK-A1, JANAKPURI | SECTOR-7, ROHINI | SHUBHAM ENCLAVE, PASCHIM VIHAR | CHANDNI CHOWK (OMAXE CHOWK) | RAJOURI GARDEN| BUNGALOW ROAD, KAMLA NAGAR | PUSA ROAD, KAROL BAGH | SOUTH EXTENSION PART-2 | VEGAS MALL, DWARKA | VIKAS MARG, PREET VIHAR | GOLD SOUK, GURUGRAM | MGF METROPOLITAN MALL, MG ROAD, GURUGRAM | SECTOR 18, NOIDA | AMBEDKAR ROAD, GHAZIABAD | NEAR BAJRANG BHAWAN, ROHTAK | OPPOSITE CHIPPI TANK ROAD, MEERUT | CHANDIGARH | LUDHIANA | PATIALA | AMRITSAR | JALANDHAR ☎ 09562 916 916

BUY ONLINE AT: malabargoldanddiamonds.com I OVER 425 SHOWROOMS ACROSS 14 COUNTRIES

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 03-12-2026 20:18 Color:




**DELHI NCR STORES:** VAISHALI ENCLAVE, PITAMPURA | WAVE ONE, SECTOR-18, NOIDA | BLOCK-A1, JANAKPURI | SECTOR-7, ROHINI | SHUBHAM ENCLAVE, PASCHIM VIHAR | CHANDNI CHOWK (OMAXE CHOWK) | RAJOURI GARDEN| BUNGALOW ROAD, KAMLA NAGAR | PUSA ROAD, KAROL BAGH | SOUTH EXTENSION PART-2 | VEGAS MALL, DWARKA | VIKAS MARG, PREET VIHAR | GOLD SOUK, GURUGRAM | MGF METROPOLITAN MALL, MG ROAD, GURUGRAM | SECTOR 18, NOIDA | AMBEDKAR ROAD, GHAZIABAD | NEAR BAJRANG BHAWAN, ROHTAK | OPPOSITE CHIPPI TANK ROAD, MEERUT | CHANDIGARH | LUDHIANA | PATIALA | AMRITSAR | JALANDHAR 09562 916 916

BUY ONLINE AT: malabargoldanddiamonds.com I OVER 425 SHOWROOMS ACROSS 14 COUNTRIES

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in